
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-98 ❑ शुक्रवार, 08 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर हम अपने सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं, जिनका साहस और समर्पण निरंतर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। अद्वितीय सटीकता, सेवाओं के बीच निर्बाध संयुक्तता और गहरे समन्वय का परिचय दिया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया। **राजनाथ सिंह**

विधान सभा चुनावों, उपचुनाओं को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटायी गयी 11

ईडी के छापे से घबराए कारोबारी ने नोटों से भरा बैग नौवीं मंजिल से फेंका 12

## संक्षेप

### श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में गत 13 अप्रैल को विभिन्न स्थानों पर श्रमिकों/कामगारों द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की अब मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी इस मामले में मौखिक, लिखित और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य उपलब्ध कराने की अपील की है। पीठासीन अधिकारी विशेष न्यायालय एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर अजय कुमार ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को फ़ेस- दो थाना और नोएडा सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में श्रमिकों एवं कामगारों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं सामने आईं, जिससे कानून-व्यवस्था और लोक व्यवस्था प्रभावित हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि पूरे घटनाक्रम की गहन जांच के लिए उन्हें मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि हिंसक प्रदर्शन किन कारणों और परिस्थितियों में हुआ तथा किन व्यक्तियों या संगठनों के उकसावे में उपद्रव और हिंसा की घटनाएं हुईं। प्रशासन ने सर्वसाधारण से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास घटना से संबंधित कोई जानकारी, दस्तावेज, मौखिक या लिखित साक्ष्य अथवा ऑडियो-वीडियो जैसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य उपलब्ध हों, तो वे 15 मई तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### राज्यपाल ने की विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित


**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। उनकी अनुमति के बाद गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई। उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2026 का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल को शुरू हुआ और उसी दिन समाप्त होने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राज्यपाल ने इसकी मंजूरी दे दी है।

### डॉ. सुशील आईआईएसआर के निदेशक बने

**लखनऊ।** कृषि वैज्ञानिक व कीट विज्ञानी डॉ. एसएन सुशील ने गुरुवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय कृषि कीट संस्थान ब्यूरो के निदेशक के पद पर कार्यरत थे। कृषि कीट विज्ञान व पादप संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. सुशील को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुस्कारों से नवाजा जा चुका है। उनके 437 से अधिक शोधपत्र व वैज्ञानिक प्रकाशन देश-विदेश के प्रमुख जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने 20 से अधिक प्रौद्योगिकियों का विकास किया है। जिनमें से छह का व्यावसायीकरण भी किया जा चुका है।

# उत्तर प्रदेश में अब 'तुष्टीकरण' नहीं 'संतुष्टिकरण' की राजनीति: योगी

एजेंसी



सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। पहले सरकारों का धन कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था, लेकिन आज वही पैसा सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, आरसीसी ड्रेन, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास में लगाया जा रहा है। सहारनपुर, जो कभी दंगों, फतवों, पलायन के कारण बदनाम था, आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बन चुका है। मां शाकम्भरी धाम के पुनरुद्धार से लेकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट, स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब तक, सहारनपुर में विकास की नई धारा बह रही है। सीएम योगी गुरुवार को सहारनपुर में 2,131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास/लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर व तकदीर, दोनों बदली हैं। पहले सहारनपुर से दिल्ली पहुंचने में 6 घंटे और लखनऊ पहुंचने में 12-14 घंटे लगते थे, लेकिन अब एक्सप्रेसवे और आधुनिक कनेक्टिविटी के कारण दिल्ली मात्र ढाई घंटे और लखनऊ करीब 6 घंटे की दूरी पर रह गया है। जो तत्व विकास में बाधक बनते हैं, वे जाति व तुष्टीकरण की राजनीति से समाज को बांटने का प्रयास करते हैं, लेकिन अब जनता विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है। अच्छी सरकारें चुनी जाती हैं तो परिणाम भी अच्छे आते हैं और सहारनपुर इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सहारनपुर तेजी से विकास और कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बन रहा है। 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-बागपत-शामली-सहारनपुर-देहरादून सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, जिससे कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला। सहारनपुर में दिल्ली व देहरादून के बीच पहला बड़ा इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेरठ में देश की पहली रैपिड रेल और मेरठ से प्रयागराज तक बने लगभग 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। अब सहारनपुर से प्रयागराज साढ़े सात घंटे में पहुंचा जा सकेगा। सहारनपुर में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है, एयरपोर्ट का कार्य अंतिम चरण में है और बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज बन रहा है। आधुनिक बस स्टेशन, आरसीसी ड्रेन और बेहतर सड़क नेटवर्क पर तेजी से काम हो रहा है। मां शाकम्भरी धाम तक श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए एलिवेटेड हाईवे ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❑ मुख्यमंत्री बोले- पहले सरकारों का धन कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था

❑ अब वही पैसा सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, आरसीसी ड्रेन, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास में लगाया जा रहा

❑ कभी दंगों, फतवों व पलायन के कारण बदनाम सहारनपुर आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बना

### जनता ने जातिवाद, विभाजनकारी राजनीति को दिया करारा जवाब

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर वही जनपद है, जहां वर्ष 2013 से 2016 तक दंगे, कर्फ्यू, पलायन और अराजकता का माहौल बना रहता था। शिक्षा, खेल और उद्योग का कोई बड़ा केंद्र नहीं था। किसान परेशान था, नौजवान पलायन कर रहा था और व्यापारी भय में जी रहे थे। फतवों और कुसंस्कृति के कारण देवबंद बदनाम हो चुका था। 2016 के सिख विरोधी दंगे और मुजफ्फरनगर-शामली की हिंसा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश जल रहा था, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। 2017 में डबल इंजन सरकार बनने के बाद सहारनपुर ने नई पहचान हासिल की। यहां की विश्वस्तरीय काष्ठ कला को नया मंच मिला और आज सहारनपुर अपने दम पर विशिष्ट पहचान बना चुका है।

# जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, समग्र और समावेशी विकास का आधार




कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ मुख्यमंत्री ने किया जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

❑ मुख्यमंत्री का आह्वान, हर प्रदेशवासी जनगणना में करे सहभाग, दें अपनी सही जानकारी

❑ सही जनगणना से ही सुनिश्चित होगा समग्र और समावेशी विकास: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य संपादित होंगे। आमजन को 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत फील्ड कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी ● शेष पेज 11 पर

# दुनिया में अशांति की जड़ बन रही ताकतवर की नीति: भागवत

एजेंसी

❑ सीमित संसाधनों के लिए संघर्ष नहीं, संयम और साझेदारी भारतीय सोच का आधार



मैसूरु। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि आज दुनिया में 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' (योग्यतम की उत्तरजीविता) का सिद्धांत वैश्विक संघर्षों और अशांति की मुख्य वजह बन रहा है। उन्होंने भारत को 'मानवता के नियम' में विश्वास करने वाला बताते हुए बताया कि दुनिया का एक बड़ा हिस्सा 'ताकतवर के जीवित रहने' की नीति अपना रहा है, जिससे युद्ध, अशांति और विवाद बढ़ रहे हैं।

श्री भागवत ने जेएसएस महाविद्यालयपीठ में एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला में कहा कि भारतीय सभ्यतागत दृष्टिकोण 'अस्तित्व के लिए संघर्ष और सबसे योग्य के अस्तित्व' के वैश्विक सिद्धांत का एक विकल्प प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ''युद्ध चल रहे हैं। वे खबरों में हैं। ये युद्ध कैसे हो रहे हैं? वे साझा करने से इनकार करते हैं। वे सब कुछ अपने लिए चाहते हैं क्योंकि वे इस एकता को नहीं जानते, इसलिए वे हर किसी पर शक करते हैं।'' आरएसएस सरसंघचालक की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में ईरान, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव और साथ ही रूस-यूक्रेन के लंबे समय से चल रहे संघर्ष की पृष्ठभूमि में आईं हैं। ये संघर्ष वैश्विक सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति ● शेष पेज 11 पर

# धर्म और परंपराओं पर सवालों की सीमा तय होनी चाहिए: न्यायालय

एजेंसी



❑ संविधान पीठ ने कहा– हर धार्मिक प्रथा को अदालत में चुनौती देने की प्रवृत्ति बढ़ी तो परंपराओं और सामाजिक संरचना के विघटन का खतरा पैदा हो सकता है

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को टिप्पणी की कि यदि लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों पर संवैधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे तो विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं पर सवाल उठाने वाली सैकड़ों याचिकाएं दायर होंगी जिससे धर्मों और सभ्यता के विघटन का खतरा पैदा हो जाएगा।

नौ न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ महिलाओं के साथ धार्मिक स्थलों पर होने वाले भेदभाव से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। इनमें केरल के शबरिमला मंदिर से जुड़ा मामला भी शामिल है। साथ ही, यह पीठ दाऊदी बोहरा समुदाय सहित विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार कर रही है। पीठ में प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था। संविधान पीठ के 1962 के फैसले में कहा गया था, 'दाऊदी बोहरा समुदाय की धार्मिक आस्था और सिद्धांतों से यह स्पष्ट है कि धार्मिक आधार पर इसके धार्मिक प्रमुख द्वारा बहिष्कार की शक्ति का प्रयोग धर्म संबंधी मामलों में इसके कामकाज के प्रबंधन का हिस्सा था और 1949 के अधिनियम ने ऐसे बहिष्कार को भी अमान्य घोषित करके संविधान के अनुच्छेद 26(ख) के तहत समुदाय के अधिकार का उल्लंघन किया।' सुधारवादी दाऊदी बोहरा समुदाय के एक समूह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने दलील दी कि किसी व्यक्ति के धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक आचरण के जवाब में अपनाई जाने वाली किसी प्रथा को संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण नहीं दिया जा सकता। ● शेष पेज 11 पर

### नोएडा हवाई अड्डे पर लखनऊ से आयेगी पहली वाणिज्यिक उड़ान, बुकिंग शुरू

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के जेवर में बने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली वाणिज्यिक उड़ान 15 जून को लखनऊ से आयेगी जबकि जाने वाली पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना होगी।

इंडिगो ने गुरुवार को बताया कि टिकटों की बुकिंग शुरू हो गयी है। इस हवाई अड्डे से उड़ानों का पहला परिचालन इंडिगो कर रही है। पहले दिन यहां आने वाली सबसे पहली विशेष उड़ान लखनऊ से सुबह 7.05 बजे रवाना होगी और सुबह 8.05 बजे यहां आयेगी। यहां से जाने वाली पहली विशेष उड़ान सुबह 8.35 बजे बेंगलुरु के लिए जायेगी। माना जा रहा है कि लखनऊ से आने वाली विशेष उड़ान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आयेंगे जो बेंगलुरु जाने वाली उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इंडिगो द्वारा जारी शिड्यूल में बताया गया है कि 15 जून को ही हैदराबाद और अमृतसर के लिए भी दैनिक उड़ानें शुरू होंगी।इंडिगो अगले दिन 16 जून से नोएडा से बेंगलुरु और जम्मू के लिए नियमित उड़ानें शुरू करेगी। ये सभी दैनिक उड़ानें ● शेष पेज 11 पर

# मोदी की उपस्थिति में सम्राट सरकार के 32 नए मंत्रियों ने ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में सम्राट सरकार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए आज 32 नये मंत्रियों को शामिल किया है।


राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले भाजपा के 15 मंत्रियों में विजय सिन्हा, दिलीप जायसवाल, श्रेयसी सिंह, अरुण शंकर प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, रमा निषाद, केदार गुप्ता, नंद किशोर राम, रामचंद्र प्रसाद, इंजिनियर कुमार शैलेन्द्र,प्रमोद चन्द्रवंशी, संजय सिंह टाईगर तथा लखेंद्र कुमार रोशन शामिल हैं। जदयू की तरफ से 13 मंत्रियों श्रवण कुमार, लेसी सिंह, भगवान सिंह कुशवाहा, मो. जमा खान, शीला मंडल, अशोक चौधरी, निशांत कुमार, श्वेता गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार उर्फ बुलो मंडल, मदन सहनी, रत्नेश सदा, दामोदर रावत और सुनील कुमार ने शपथ ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो मंत्रियों संजय कुमार सिंह और संजय कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा(रालोमो) के दीपक प्रकाश तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के डां. संतोष कुमार सुमन ने भी आज शपथ ली। शपथ लेने वाले नेताओं में मिथिलेश तिवारी, निशांत, स्वेता गुप्ता, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, नन्दकिशोर राम, कुमार शैलेन्द्र और रामचन्द्र प्रसाद पहली बार मंत्री बने है। सम्राट मंत्रिमंडल में के तीन मंत्रियों निशांत, नीतीश मिश्रा और संतोष कुमार सुमन के पिता पहले बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। निशांत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

# पाकिस्तान में कोई आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं : भारतीय सेना

एजेंसी

### शौर्य गाथा

❑ 'ऑपरेशन सिंदूर' अंत नहीं शुरुआत, पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया, 11 एयरफील्ड को तबाह किया गया और 13 विमान मार गिराए गए




जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की नई रणनीतिक नीति का संकेत है। सेना ने दो टूक कहा कि अब पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है और ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई की शुरुआत है।

जयपुर स्थित साउथ वेस्टर्न कमांड में गुरुवार को आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की रणनीति, उपलब्धियों और उसके प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। सेना ने इस अभियान को पिछले कई दशकों में पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का सबसे व्यापक और समन्वित सैन्य अभियान बताया। पत्रकार वार्ता में इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के डिप्टी चीफ (ऑपरेशन) लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए. मिनवाला, डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशन एयर मार्शल अवधेश कुमार तथा डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशन वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल नारा नहीं, बल्कि भारत की सैन्य शक्ति को कई गुना बढ़ाने वाली वास्तविक क्षमता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जा रहे 65 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण देश में ही निर्मित हो रहे हैं। राजीव घई ने कहा कि 7 मई, 2025 को शुरू हुए अभियान के दौरान भारतीय सेना ने सात और भारतीय वायु सेना ने दो प्रमुख आतंकी लक्ष्यों को निशाना बनाया था। इन कार्रवाइयों में आतंकवादी शिविरों को भारी क्षति पहुंची और 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि हुई। उन्होंने दावा किया कि नियंत्रण रेखा पर बाद में हुई झड़पों में पाकिस्तान के 100 से अधिक सैनिक भी मारे गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने लंबे समय तक आतंकवादी ढांचे को सुरक्षित समझा, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने यह धारणा पूरी तरह तोड़ दी। आतंकवादी कैंपों का स्थान बदलते रहने और उन्हें सीमा से भीतर खिसकाने की कोशिशों के बावजूद भारतीय सेना की पहुंच और क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजीव घई ने प्रसिद्ध शायर दुष्यंत कुमार की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा सिर्फ हंगामा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। राजीव घई ने कहा कि भारत ने अपने स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के बाद संघर्ष को अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खींचा। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे युद्धों ने यह दिखाया है कि लंबे संघर्ष किस प्रकार विनाशकारी हो सकते हैं। भारत ने संतुलित लेकिन तीव्र कार्रवाई के माध्यम से पाकिस्तान की जोखिम लेने की क्षमता और इच्छा दोनों को प्रभावित किया। एयर मार्शल अवधेश कुमार ने कहा कि भारत हमेशा जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास करता है, लेकिन जब शांति की इच्छा को कमजोरी समझा जाए और संयम को निष्क्रियता माना जाए, तब निर्णायक कार्रवाई आवश्यक हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पूरी तरह स्पष्ट था और इसमें किसी प्रकार की नरमी की गुंजाइश नहीं रखी गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया। भारतीय सेनाओं ● शेष पेज 11 पर

# शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ किया संवाद,कहा नए बाजारों में आम भेजने का प्रयास जारी

❒ मलिहाबाद की आम की पट्टी को विश्व स्तर पर बनाए रखना है : शिवराज सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, । केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को लखनऊ स्थित केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान परिसर में आम का पौधा रोपने के बाद, आम उत्पादकों, निर्यातकों और प्रगतिशील किसानों से चर्चा की।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के साथ उत्पादन-पूर्व और उत्पादन-पश्चात प्रबंधन पर ध्यान देने से ही किसान समृद्ध होंगे। इसलिए आम और अन्य फलों की गुणवत्ता, भंडारण और निर्यात बढ़ाने की दिशा में नई योजनाओं और शोध परियोजनाओं पर काम किया जाएगा।शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मलिहाबाद की आम की पट्टी को विश्व स्तर पर बनाए रखना है। मंत्री ने कहा कि आम की शेल्फ लाइफ 25-30 दिनों तक बढ़ाने में सफलता मिली है। आगे इसे 40-50 दिनों तक बढ़ाने पर काम चल रहा है। निर्यात लागत कम करने के लिए समुद्री मार्ग को बढ़ावा दिया जाएगा। अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका और कोरिया जैसे नए बाजारों में आम भेजने का प्रयास जारी है। उत्तर प्रदेश में निर्यात सुविधा के लिए एक विशेष केंद्र स्थापित किया जाएगा। कहा कि आठ क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। आगरा में आलू अनुसंधान केंद्र खुल रहा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि रोगमुक्त पौधों के लिए क्लीन प्लांट सेंटर खोले जाएंगे। इससे नर्सरी स्तर पर रोगमुक्त पौधे उपलब्ध होंगे। प्राइवेट क्षेत्र को भी सहायता दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि जल्द ही एक एकीकृत प्लेटफार्म बनाया जाएगा, जो पौध से लेकर फल तक का पूरा प्रबंधन करेगा। फसल संरक्षण, गुणवत्ता सुधार और आम तोड़ने के बाद की सावधानियों पर किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जलवायु फलों के लिए अनुकूल है। यहां 70 हजार अतिरिक्त बागवानी शुरू हो चुकी है। उन्होंने आम, केले और अंगूर के निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य रखा। आम और केले के निर्यात में 5 प्रतिशत तथा अंगूर में 15 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सहित संस्थान के वैज्ञानिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर नाव हादसा: महिला और चार बच्चों के शव मिले, एक अब भी लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में यमुना नदी में नाव पलटने से हुई घटना में चार बच्चों एवं एक महिला की मौत हो गई है। पांचों के शव बरामद कर लिए गए हैं। नाव पर 9 लोग सवार थे। इसमें तीन लोगों को बचा लिया गया था, जबकि एक अभी भी लापता है। लापता व्यक्ति की तलाश जारी है।

हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव के राजू निषाद की बेटी की शादी बीते मंगलवार को हुई थी। शादी समारोह में कई गांवों से रिश्तेदार परिवार समेत शामिल होने आए थे। बुधवार को दुल्हन की विदाई की रस्में संपन्न कराने के बाद राजू के रिश्तेदारी में आए नौ लोगों ने खरबूजा खाने की जिद की। निषाद बिरादरी के लोगों ने गर्मी के सीजन में यमुना नदी की रेत पर खरबूजा और तरबूज की खेती तैयार की थी। बुधवार की शाम गांव का विष्णु निषाद नाव से सभी लोगों को खरबूजा खिलाने ले गया। नाव में बृजरानी पत्नी पप्पू निषाद, घाटमपुर निवासी अर्चना पुत्री सर्वेश, रानी पुत्री बच्चन,



आकांक्षा पुत्री रामहित, लव्यांश पुत्र विष्णु, गोरेलाल पुत्र महेश व आदित्य पुत्र महेश समेत नौ लोग सवार थे। खराब मौसम के बावजूद नाव यमुना नदी पार पहुंची, जहां रेत में खरबूजे तोड़ने के बाद सभी लोग नाव में बैठकर वापस आने लगे तभी बीच धारा में नाविक की लापरवाही से नाव पलट गई। हादसे में वहां चीख पुकार मच गई। विष्णु किसी तरह तैरकर बाहर आ गया, जबकि स्थानीय गोताखोरों ने रिंकू और पारुल को नदी से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।

नाविक धीरू ने बताया कि बहन की शादी में रिश्तेदार आए थे जो विदाई के बाद खरबूजा खाने के लिए नाव में बैठकर यमुना नदी पार गए थे। लौटते समय नदी के बीच धार में नाव अनियत्रिंत होकर पलट गई थी। पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में नदी से मनकीकला गांव निवासी बृजरानी (35) पत्नी पप्पू निषाद, घाटमपुर निवासी अर्चना (14) पुत्री सर्वेश, कौतूपुर गांव निवासी रानी (9) पुत्री बच्चन, मनकी गांव निवासी लव्यांश (5) पुत्र पप्पू, आकांक्षा (9) पुत्री रामहेत के शव मिले हैं। अन्य लापता की तलाश जारी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुए राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जनपद हमीरपुर में नाव दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## कोरांव तहसीलदार ने की जन सुनवाई: तालाब पाटने, लेखपालों की उपस्थिति पर दिए निर्देश



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद की कोरांव तहसील में तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई की। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने तहसीलदार से अनुरोध किया कि मंगलवार और शुक्रवार को लेखपाल शत-प्रतिशत कार्यालय में मौजूद रहें। उनका कहना था कि इससे जनहित के कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकेंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर अधिवक्ता गजेंद्र प्रताप सिंह ने तहसीलदार को साजी गांव में एक तालाब को पाटकर उसका अस्तित्व समाप्त किए जाने की जानकारी दी। इस पर तहसीलदार ने तालाब की पैमाइश कराने का आश्वासन दिया। तहसीलदार सोलंकी ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से न्यायिक कार्यों में सहयोग की अपील भी की। उनका उद्देश्य लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है

## वाराणसी में मानमहल घाट पर पर्यटक की डूबने से मौत

**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । वाराणसी के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र स्थित गंगा नदी के किनारे मानमहल घाट पर नोएडा से आए पर्यटक हर्षवर्धन की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को मित्रों के साथ नहा रहे पर्यटक का पांव फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। जब तक नाविक और एनडीआरएफ का बचाव दल उसे पानी से निकलता, उसकी सांसें रुक चुकी थी।उक्त दुर्घटना के बाद दशाश्वमेध थाना के बीट प्रभारी और एनडीआरएफ टीम ने उसके शव को घाट पर लाकर अग्रिम कार्यवाही की तैयारी कर ली। बीट प्रभारी ने संबंधित दुर्घटना की जानकारी थाने को दी और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजवाया। हर्षवर्धन के मित्रों ने बताया कि उनके साथ में नहाते समय हुए हादसे में उनकी डूबने से मौत हो गई। मृतक साथी के परिवार को इसकी सूचना फोन से दी गई है। परिवार के सदस्य वाराणसी आ रहे हैं।

## खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**उरई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उरई में कालपी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक खेत में आम के पेड़ से फांसी के फंदे से 20 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को लटकता मिला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि मृतक की पहचान राकेश कुशवाहा (20) निवासी ग्राम शाहजहांपुर के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों से पूछताछ की। जानकारी मिली है कि मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। लता चला है कि मृतक बुधवार की देर रात घर से खेत की ओर गया था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान आज सुबह खेत में आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला। बताया जा रहा है कि मृतक राकेश इन दिनों मानसिक रूप से परेशान रहे रहा था। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को, मिलेगा सस्ता एवं त्वरित न्याय

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद जिले में आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर गुरूवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए घनेन्द्र कुमार, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा कहा गया कि लोक अदालत आम जनता को सुलभ, सस्ता एवं त्वरित न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है।बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वादों का निपटारा सरल, त्वरित एवं कम खर्च में किया जा सकता है।

## इनोवा कार की टक्कर से खंभा सो रहे बी-फार्मा छात्र पर गिरा, मौत

**जौनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी के जौनपुर में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर-जमुहाई मार्ग पर भकुरा गांव के पास बुधवार आधी रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार और असंतुलित इनोवा कार ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा टूटकर पास में सो रहे एक युवक के सिर पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान जपटापुर गांव निवासी सनी राजभर (22)के रूप में हुई है। वह अपने ननिहाल भकुरा गांव में रहकर बी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार रात वह घर के बाहर दरवाजे पर सोया हुआ था। इसी दौरान आधी रात को हादसा हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह जमुहाई-सिद्दीकपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुटी रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि कल रात गाड़ी की टक्कर से पोल गिरने से युवक की मौत हुई थी। ग्रामीण आक्रोशित थे लेकिन उनको समझा बुझा कर शांत कराया गया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय भेजा गया है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## अश्लील वीडियो वायरल कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में हलिया थाना क्षेत्र में युवती का अश्लील वीडियो वायरल कर धर्म परिवर्तन और शादी का दबाव बनाने के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसआई श्याम लाल व पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहुगी कला अदवा बांध के किनारे, अहुगी कला तिराहा से गुर्गी मार्ग पर करीब 200 मीटर आगे से गौरवा गांव निवासी आरोपित बल्लू को गिरफ्तार किया।पीड़िता के भाई ने बुधवार को आरोपित के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल करने तथा युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को दबोच लिया।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड सहित समस्त वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार, दवा उपलब्धता एवं चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए होगा गंभीर प्रयास : माता प्रसाद पांडे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सिविल लाइन स्थित एक लॉन में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठाकुरई के 63वें वार्षिक महाधिवेशन एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय ल्लशिक्षकों के समक्ष बढ़ती चुनौतियां और समाधानङ्क रहा। मुख्य अतिथि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मेलन में उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और समाधान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान बढ़ाने तथा उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए विचार-विमर्श आवश्यक है। लोकतंत्र में संगठन बनाने और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उन लोगों का है जो वास्तव में समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों पर उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर केंद्र सरकार पर्याप्त स्टॉक होने की बात करती है, जबकि दूसरी ओर आम जनता गैस सिलेंडर के लिए परेशान है। उन्होंने कहा कि कई लोगों को आवश्यकता के अनुरूप गैस नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण लोग फिर से लकड़ी का उपयोग करने को मजबूर हो रहे हैं। विपक्षी गठबंधन और राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का ममता बनर्जी से मिलना स्वाभाविक है क्योंकि वे गठबंधन की सहयोगी हैं। पश्चिम बंगाल में चुनावी गड़बड़ी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जांच होने पर सच्चाई सामने आएगी और भाजपा चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का कार्य कर रही है। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी और प्रदेश में भाजपा को कड़ी टक्कर देगी। उन्होंने दावा किया कि यदि भाजपा को सहयोगी दलों का समर्थन नहीं मिला होता तो केंद्र में सरकार बनाना मुश्किल हो जाता।

# भारतीय सेना के शौर्य ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद को दिया निर्णायक संदेश: डॉ राजेश्वर सिंह

❒ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के पराक्रम ने स्थापित किया नया सुरक्षा सिद्धांत: डॉ राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आपरेशन सिन्दूर के एक वर्ष पूर्ण होने पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भारतीय सेना, सुरक्षा बलों और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध भारत की निर्णायक नीति को ऐतिहासिक बताया है।उन्होंने कहा कि एक वर्ष पूर्व भारत ने पूरी दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया था कि भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और नागरिकों पर होने वाले प्रत्येक आतंकी हमले का जवाब पूरी शक्ति, सटीकता और दृढ़ संकल्प के साथ दिया जाएगा। OperationSindoor भारतीय सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों के अद्वितीय साहस, क्षमता और समर्पण का प्रतीक बनकर उभरा।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में भारत ने रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ रहा रक्षा बजट बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वहीं रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर रिकॉर्ड 23,622 करोड़ तक पहुंचना भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि आज भारत मिसाइल, तोप प्रणाली, ड्रोन, युद्धपोत और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों का स्वदेशी निर्माण कर रहा है तथा अनेक देशों के लिए विश्वसनीय रक्षा साझेदार के रूप में उभर चुका है। रक्षा आधुनिकीकरण बजट का 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा घरेलू खरीद के लिए आरक्षित किया जाना 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति स्थापित की है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर सीमा सुरक्षा पर कठोर जवाब तक, नए भारत ने यह सिद्ध किया है कि आतंक और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते।

उन्होंने भारतीय सेना के प्रत्येक वीर जवान, खुफिया अधिकारी और सुरक्षा कर्मी के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए कहा कि देश 140 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा में समर्पित सभी सुरक्षाकर्मियों का सदैव ऋणी रहेगा।भारत न कभी झुका है,न कभी भूलेगा,और आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष कभी नहीं रोकेगा।

# झांसी बुविवि में विधि विभाग के अभ्यर्थियों को सुरक्षाकर्मियों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुवार को लॉ के छात्र-छात्राओं और सिक्योरिटी गार्ड्स के बीच विवाद के बाद जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड्स ने छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, लात-घूंसे बरसाए और अभद्रता की। घटना में कई छात्र घायल हो गए। इसके विरोध में लॉ स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।विश्वविद्यालय के नए परीक्षा भवन में लॉ के छठे सेमेस्टर के छात्रों का लेबर लॉ विषय का पेपर था। परीक्षा समाप्त होने के बाद कुछ छात्र अपने मोबाइल फोन लेने के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े थे। छात्रों का कहना है कि तीन-तीन छात्रों ने एक बैग में मोबाइल जमा किए थे और टोकन उनके साथी के पास था, इसलिए वे बाहर इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान सिक्योरिटी गार्ड्स वहां पहुंचे और छात्रों को हटाने लगे।छात्रों ने जब पूरी बात समझाने की कोशिश की तो गार्ड कथित तौर पर अभद्रता करने लगे। विवाद बढ़ने पर कई गार्ड एकत्र हो गए और छात्रों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि छात्रों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया और धक्का-मुक्की भी की गई। घटना के वीडियो भी छात्रों ने बनाए, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।छात्रा बुशरा शेख और अनुष्का ने आरोप लगाया कि गार्ड्स ने उनकी बात सुनने के बजाए बदसलूकी की और छात्रों पर हमला कर दिया। वहीं छात्र मानव श्रीवास ने बताया कि वह अपने दोस्त का इंतजार कर रहे थे, जिसके पास मोबाइल का टोकन था। इसी बात को लेकर गार्ड्स से बहस हुई और बाद में उनके साथी रोहित पाठक को थप्पड़ मार दिया गया। इसके बाद कई गार्डों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी।घटना के बाद बड़ी संख्या में लॉ स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस और केंद्राधीक्षक डॉ. संतोष पांडेय मौके पर पहुंचे, लेकिन छात्र कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। छात्रों ने कुलपति को मौके पर बुलाने, दोषी गार्ड्स को तत्काल निलंबित करने और परीक्षा के दौरान पुलिस तैनात करने की मांग रखी।मामला बढ़ने की सूचना मिलते ही कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। छात्रों ने उन्हें मारपीट के वीडियो दिखाए, जिसके बाद उन्होंने सिक्योरिटी इंचार्ज को फटकार लगाते हुए जांच के आदेश दिए। रजिस्ट्रार ने कहा कि दोषियों के खिलाफ दो से तीन दिन में सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के आश्वासन के बाद छात्रों का गुस्सा शांत हुआ।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर की जनसुनवाई

❒ जनसुनवाई के दौरान नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज अपने लखनऊ स्थित आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। सुबह से ही मंत्री आवास पर फरियादियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

जनसुनवाई के दौरान नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर खराब होने, लो-वोल्टेज, सड़क, सीवर, जलनिकासी, सफाई व्यवस्था तथा नगर निकायों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

मंत्री श्री शर्मा जी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने मंत्री जी की संवेदनशील कार्यशैली एवं त्वरित निर्णय क्षमता की सराहना की। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनसुनवाई कार्यक्रम सरकार और आमजन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है।उल्लेखनीय है कि श्री ए.के. शर्मा जी प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित करते हैं, जिसमें प्रदेशभर से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाता है।

# डीएम ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना के लिए लोगो से की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जनगणना 2027 के अंतर्गत आज 07 मई से 21 मई तक संचालित होने वाले स्व-गणना कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में वेबसाइट https://se.census.gov.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार/राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 इस बार पूर्णतया डिजिटल माध्यम से सम्पन्न कराई जा रही है, जिसमें नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 का आयोजन किया जा रहा है। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी और आपको स्व-गणना की सुविधा दी गई है। आप स्वयं अपने परिवार एवं घर की जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट https:// se.census. gov.in पर जाकर भर सकते हैं। यह सुविधा 07 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना करते समय अपने मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी एवं आवश्यक विवरण तैयार रखें तथा सभी जानकारी सही एवं स्पष्ट दर्ज करें। स्व-गणना पूर्ण होने पर आपको एक यूनिक एस0ई0 आई0डी0 प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। यह आईडी आगे सत्यापन (हाउस लिस्टिंग) के समय प्रस्तुत की जा सकती है। जनगणना प्रत्येक नागरिक की भागीदारी का महत्वपूर्ण अभियान है आपकी सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को स्व-गणना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेश तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वर्क ऑफ़ साल्वेंट फ्री इपोक्सी रेसिन कोटिंग ऑन लैवेटरी फ्लोर इन आई0आर0 पैसेंजर कोचेस। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.11973940.00/- मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.2,39,500/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 28.05.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ई निविदा-18
दिनांक : 06.05.2026 1523/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने की पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा

❒ बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाए। नालों की नियमित सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन एवं जल प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही आमजन को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वायु गुणवत्ता सुधार, जल संरक्षण, हरित क्षेत्र विस्तार एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जाए तथा विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक किया जाए।

जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में आगामी वृक्षारोपण अभियान-2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। विभागवार निर्धारित पौधारोपण लक्ष्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित स्थलों पर समय से गड्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण कराया जाए तथा उसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गड्ढों की खुदाई निर्धारित मानक के अनुसार कराई जाए ताकि पौधारोपण के बाद पौधों का संरक्षण एवं विकास बेहतर ढंग से हो सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे, नहर पटरी, विद्यालय परिसर, पंचायत भूमि, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों एवं सरकारी कार्यालय परिसरों में अधिकाधिक पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई, ट्री गार्ड व्यवस्था एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग पौधों के जीवित रहने की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा इसकी रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करें। उन्होंने वन विभाग एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पौधों की उपलब्धता, वितरण एवं रोपण स्थलों की तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाए। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खंडेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी अभिलेखों के सहारे 59 साल से नौकरी कर रहे शिक्षक

❒ खुली पोल, बीईओ ने बीएसए को भेजी जांच रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। जनपद के शिक्षा विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब विकास खण्ड सकरन में तैनात एक शिक्षक पर कथित रूप से फर्जी एवं कूटरचित शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर नौकरी हासिल करने का गंभीर आरोप सामने आया। मामले को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर को पत्र भेजकर संबंधित शिक्षक के शैक्षिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन की संस्तुति कर दी है। इस कार्रवाई के बाद पूरे विभाग में खलबली मची हुई है।ग्राम पंचायत अंदुपुर निवासी शिकायतकर्ता सुधीर कुमार सिंह द्वारा शिकायत संख्या 40015426030394 के माध्यम से आरोप लगाया गया था कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेवान, में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत शिक्षक मोहम्मद जावेद की नियुक्ति संदिग्ध शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं हैं तथा कई अभिलेख प्रथम दृष्टया कूटरचित प्रतीत होते हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ने जांच कर संबंधित शिक्षक के अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रस्तुत शैक्षिक अभिलेखों में अनुक्रमांक तक अंकित नहीं हैं, जिससे दस्तावेजों की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीईओ द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि इन अभिलेखों का संबंधित संस्था एवं विश्वविद्यालय से सत्यापन कराया जाना आवश्यक है।खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि शिक्षक के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए, बीएड तथा बीटीसी के अंकपत्रों और प्रमाणपत्रों का संबंधित बोर्ड एवं विश्वविद्यालय से सत्यापन कराया जाए, ताकि शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। पत्र जारी होने के बाद शिक्षा विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

## नैमिषारण्य में11 हजार लाइन पर काम करते समय करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत

❒ गांव बेलहरी निवासी संदीप के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, दो बेटे और एक बेटी की परवरिश बनी चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख-नैमिषारण्य, सीतापुर । बिजली विभाग की लापरवाही ने एक और परिवार का चिराग बुझा दिया। ट्रांसफार्मर पर चढ़कर तार ठीक कर रहे लाइनमैन की 11 हजार वोल्ट की लाइन में करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से हड़कंप मच गया और मृतक के घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, गांव बेलहरी निवासी संदीप पुत्र मूलचंद्र बिजली विभाग में लाइनमैन दीपू के साथ काम काम करते थे गुरुवार को वह क्षेत्र में फॉल्ट ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर पर चढ़कर 11 हजार की लाइन पर तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया और संदीप बुरी तरह झुलसकर नीचे गिर गया। साथी कर्मचारियों ने उसे तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतक संदीप के परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे बेटे और एक बेटी है। घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य होने के कारण संदीप की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब तीन मासूम बच्चों की परवरिश और पढ़ाई-लिखाई परिवार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

### ग्रामीणों में आक्रोश, मुआवजे की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि शटडाउन लिए बिना काम कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मानपुर नहर में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

मानपुर, सीतापुर। सीतापुर जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र में खीरी ब्रांच नहर से एक युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना कैमहरा पुल से लगभग 300 मीटर दक्षिण रामनगर गांव के सामने की है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार सुबह नहर में पानी का स्तर कम होने पर किनारे पर एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव की हालत देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह करीब एक सप्ताह पुराना है। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल मानपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मानपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### सपा जिलाध्यक्ष ने पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का किया स्वागत



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सीतापुर रोड पर गुर्री चैकी के पास सपा नेता व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी बुके देकर व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, जितेंद्र पाल गौतम, प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू, सतेंद्र यादव, अजीम खान, मोनू कुरैशी, शहाब खान, नरवीर फौजी, अमन खान, फैजान खान, गुफरान खान, फरमान खान, उजैर खान, दीपक द्विवेदी, रवि प्रकाश पांडे, शैलेंद्र कुमार पांडे, नितिन तिवारी, संजीव तिवारी आदि कई लोग मौजूद रहे।

## कुंवर जयेश प्रसाद के आवास पर पीडीए की बैठक में शामिल हुए सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी

❒ चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली, बेइमानी, धोखेबाजी से जीता पश्चिम बंगाल का चुनाव- पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पूर्व मंत्री, सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी आज पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद के आवास पर आयोजित पीडीए की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद आदि ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली है।

भाजपा ने चुनाव आयोग का दुरुपयोग करके बेईमानी और धोखेबाजी से पश्चिम बंगाल का चुनाव जीता है। कहा कि देश भर के दलितो पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने सपा की नीतियों से प्रभावित होकर सपा ज्वानिंग की और उसके बाद लगातार प्रतिदिन दस से बीस दौरे कर रहे हैं। कहा कि देश की आज जो हालत है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। महंगाई चरम सीमा पर है। पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। किसानो को गन्ने का पेमेंट नही मिल रहा है। आरोप लगाया कि सीतापुर में भाजपा के आठ पदाधिकारियों ने एक बच्ची से दुष्कर्म किया। उन्नाव, हाथरस, सोनभद्र महोबा की घटनाएं सबके सामने हैं। आज जनता को लूटा जा रहा है और प्रताड़ित किया जा रहा है। अखिलेश का स्वागत करके किसी बेटी ने क्या पाप किया, कि अखिलेश का स्वागत करने वाली बेटी के पिता को सुपरवाइजर से चपरासी बना दिया। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ये देश भाजपा से नहीं, बल्कि संविधान से चलेगा। कहा कि जब यूपी में चुनाव होगा, तब यहां की जनता को आगे आना होगा। उत्तर प्रदेश की जनता ही चुनाव के समय भाजपा को हराने का काम करेगी। इस मौके पर पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सैयद कासिम रजा, कादिर खां, रऊफ खान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## लखीमपुर खीरी में 'स्व-गणना' का शंखनाद

❒ डीएम-सीडीओ से लेकर विधायकों तक ने मोबाइल से भरा ऑनलाइन प्रपत्र

❒ स्कूलों में रैली, गांव-शहर में जागरूकता अभियान, 34 सवालों के जवाब देकर खुद भर सकेंगे जनगणना डेटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। देश की पहली डिजिटल जनगणना की दिशा में लखीमपुर खीरी जिले ने जोरदार शुरुआत कर दी है। सात मई से शुरू हुए 'स्व-गणना' अभियान में जनप्रतिनिधियों, अफसरों और कर्मचारियों ने खुद आगे आकर ऑनलाइन प्रपत्र भरते हुए आमजन को भी इस राष्ट्रीय महाभियान से जुड़ने का संदेश दिया।

कलेक्ट्रेट से लेकर गांव की चौपाल तक 'अपनी जनगणना, खुद करें' का संदेश गूंजता रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) समेत विधायक योगेश वर्मा, लोकेंद्र प्रताप सिंह और सौरभ सिंह सोनू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मोबाइल के जरिए अपना स्व-गणना प्रपत्र भरकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलेभर में जागरूकता का माहौल नजर आया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में रैलियां निकाली गईं। बच्चों ने स्लोगन, पोस्टर और प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को डिजिटल जनगणना के प्रति जागरूक किया। प्रशासन ने इसे ञजनभागीदारी से जनगणनाङ्क का स्वरूप देने की रणनीति बनाई है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सात मई से शुरू हुआ स्व-गणना चरण नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इंटरनेट के माध्यम से पोर्टल पर जाकर सही और प्रमाणिक आंकड़े भरें। डीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की बुनियाद है। सही डेटा से ही सरकार की नीतियां और योजनाएं धरातल पर प्रभावी बनती हैं।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी गणना दर्ज की और जनपदवासियों से समय से अपनी जानकारी भरने की अपील की। कहा कि सटीक आंकड़ों से ही विकास योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकेंगी, इसलिए सभी लोग अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में नागरिकों को मकान गणना एवं सूचीकरण करना होगा। पोर्टल पर मकान और सुविधाओं से जुड़े 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर देकर कोई भी व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर सकता है। फाइनल सबमिट के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। 22 मई से 22 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे। नागरिक अपनी जनरेटेड आईडी दिखाकर डाटा की पुष्टि करा सकेंगे। एडीएम ने जनपदवासियों से 15 दिवसीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की।

### जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर 'स्व-गणना' का अभियान जोरों पर

डिजिटल जनगणना-2027 के तहत शुरू हुए 'स्व-गणना' अभियान ने जिले में रफ्तार पकड़ ली है। जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सभी कार्यालयों में कार्मिकों द्वारा बड़े पैमाने पर ऑनलाइन स्व-गणना प्रपत्र भरे जा रहे हैं। प्रशासनिक अमले में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं आगे आकर पोर्टल पर अपनी पारिवारिक एवं आवासीय जानकारी दर्ज कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने स्तर पर कार्मिकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें और अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में योगदान दें।

### शादी का झांसा देकर बनाए यौन संबंध, पुलिस ने भेजा जेल

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बुधवार को थाना कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज का रहने वाले विकास वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा ने उसको शादी का झांसा दिया और लगातार पिछले दो वर्ष से यौन संबंध बनाता रहा। उसने शादी करने के लिए कहा, तो विकास ने उससे गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आज मुखबिर की सूचना पर हनुमतधाम के गेट नंबर 02 नये पुल के पास से अभियुक्त विकास वर्मा को गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विकास वर्मा को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ अपराध निरीक्षक पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### घटिया सामग्री से बन रही नाली, नाबालिगों से कराया जा रहा काम



**रमियाबेहड़, लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड रमियाबेहड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत हौकाना मटेरा के रानी पुरवा गांव में नाली निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार नाली निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं हो रहा है, बल्कि पीला व दोमा ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो जल्दी टूटने वाली और कमजोर होती हैं। इससे नाली के टिकाऊ होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह से बनाई जा रही नाली ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाएगी और सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।इतना ही नहीं, निर्माण कार्य में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराए जाने का भी आरोप है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छोटे-छोटे बच्चे निर्माण कार्य में लगे हुए हैं, जो कानूनन अपराध है। इससे संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्य को मानक के अनुसार दोबारा कराया जाए, ताकि गांव में टिकाऊ और गुणवत्ता युक्त विकास कार्य सुनिश्चित हो सके।

### बालक को एयरगन से गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना तिलहर पुलिस टीम ने बालक को जान से मारने की नीयत से एयरगन से गोली मारने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना तिलहर क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी रामू शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के मोहम्मद युनुस पुत्र मेंहदी हसन ने उसके 07 वर्षीय भांजे कार्तिक शर्मा को जान से मारने की नीयत से एयरगन से बायें कान के नीचे गोली मार दी। घायल भांजे को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त मोहम्मद युनुस के खिलाफ हत्या का प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने ग्राम रोशनपुर जाने वाले रास्ते से अभियुक्त मोहम्मद यूनुस को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एयरगन बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ उप निरीक्षक अनुज चौधरी, का. विनय और सुमित सैनी मौजूद रहे।

## जमीन विवाद बना जानलेवा

❒ इलाज के दौरान घायल मोबीन की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। निघासन में जमीन बिक्री के पैसों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में घायल 55 वर्षीय मोबीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।परिजनों के अनुसार, 20 अप्रैल को मोबीन अपने बड़े भाई जहीर से जमीन बिक्री में हिस्सेदारी मांगने गए थे।

इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि बाद में जहीर के बेटों नफीस, इमरान, उस्मान और इरफान ने रास्ते में मोबीन को घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल मोबीन को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र, फिर लखीमपुर जिला अस्पताल और बाद में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 16 दिनों तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।मृतक की पत्नी फातिमा ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपियों के खिलाफ अब तक सख्त कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि मोबीन मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और अब उनके निधन के बाद छह बेटियों और पूरे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस पहले ही चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर चुकी है।इंस्पेक्टर अवधराज सिंह सेगर ने बताया कि घायल की इलाज के दौरान मौत होने के बाद एफआईआर में गंभीर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कटरा नगर पंचायत उपचुनाव में पूजा कसाना 401 वोटों से विजयी

❒ पूजा ने भाजपा प्रत्याशी को हराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर हुए उपचुनाव में ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक की प्रत्याशी पूजा कसाना ने जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को 401 वोटों से हराया है।मंगलवार को नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के लिए हुए उपचुनाव का मतदान प्रतिशत 41.78 रहा था।

इस उपचुनाव में कुल 13147 मतदाताओं ने मतदान किया था। बृहस्पतिवार को तिलहर मंडी में कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव की मतगणना हुई और छह राउंड में मतों की गिनती की गई। शाम करीब पांच बजे परिणाम घोषित हुआ। इसमें ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक की प्रत्याशी पूजा कसाना ने 401 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें 4375 वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को 3974 वोट हासिल हुए। तीसरे नंबर पर कंाग्रेस प्रत्याशी वाजिद सिद्दीकी को 3109 और चौथे नंबर पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भरत पटेल ने कुल 488 मत ही प्राप्त किए। शाम करीब पांच बजे एसडीएम ने पूजा कसाना को जीत का प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान पूजा कसाना अपना एस दल में शामिल हो गईं। उन्हें जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने सदस्यता ग्रहण कराई है। समर्थकों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनायें दीं।बता दें कि नवंबर 2025 में न्यायालय ने कटरा नगर पंचायत के अध्यक्ष मुख्तियार अहमद को नामांकन पत्र में आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का दोषी पाए जाने पर अयोग्य ठहराते हुए अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया को शून्य एवं अमान्य करते हुए पद रिक्त घोषित कर दिया था। इसके बाद यह उपचुनाव कराया गया। उपचुनाव में कुल 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। वहीं, उपचुनाव में मतदान के दौरान विपक्षी प्रत्याशियों ने भाजपा प्रत्याशी पर फर्जी मतदान कराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था।

### नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 23 अप्रैल को थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र की एक महिला ने नौसारा झपुला गांव के रहने वाले डीपी यादव पुत्र कलक्टर सिंह के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि डीपी यादव उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अभियोग की विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी डीपी यादव के खिलाफ दर्ज अपहरण की रिपोर्ट में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त डीपी यादव को कलान रोड पर ब्लॉक मड़ैया मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त डीपी यादव को न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिर्ज़ापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला के साथ उपनिरीक्षक बन्टी कुमार आदि मौजूद रहे।

### जिला बदर अपराधी तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना तिलहर पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी को तमंचा, कारतूस के साथ किया। थाना तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अपराधी को गैसरा रोड स्थित सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा, कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र के गांव टाई का रहने वाला रविन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र वीरेन्द्र है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त रविन्द्र उर्फ गुड्डू के खिलाफ थाना तिलहर में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। तिलहर पुलिस ने अभियुक्त रविन्द्र के खिलाफ आयुध अधिनियम और उत्तर प्रदेश गुण्डा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ एसआई गौरव शर्मा, हेड कास्टेवल भारतमणि आदि मौजूद रहे।

# पूरनपुर तहसील में 'स्वयं गणना अभियान' का शुभारंभ,स्व-गणना अभियान को मिली रफ्तार, तहसील सभागार में हुआ लाइव डेमो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।आगामी जनगणना 2027 को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए 'स्वयं गणना अभियान' का गुरुवार को पूरनपुर तहसील सभागार में विधिवत शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों,अधिवक्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी पारिवारिक और आवासीय जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे डेटा संग्रहण अधिक सटीक और पारदर्शी हो सके कार्यक्रम सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुआ अभियान को गति देने के लिए भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन पंजीकरण कराया उनके साथ अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सक्सेना, महामंत्री सुशील कुमार और उपाध्यक्ष संजय पांडे ने भी पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड की इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि डिजिटल भारत की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और प्रत्येक परिवार को इसमें भागीदारी करनी चाहिए उन्होंने कहा कि सही और अद्यतन जानकारी उपलब्ध होने से सरकार विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकेगी तथा पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचेगा कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी अधिकारियों ने बताया कि 'स्व-गणना' प्रक्रिया के तहत परिवार का मुखिया घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से परिवार और मकान से संबंधित विवरण ऑनलाइन भर सकता है यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी और इसमें केवल 15 से 20 मिनट का समय लगेगा अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना के लिए पद्न.दद्धप्फ्र.द्दधफ.द्धद्ध पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर परिवार और मकान सूचीकरण से संबंधित जानकारी दर्ज करनी होगी जानकारी सबमिट करने के बाद नागरिकों को एक एसईआईडी प्राप्त होगी, जिसे बाद में गणनाकर्ता को उपलब्ध कराना होगा अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सही आंकड़े उपलब्ध होने से योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आसानी होगी साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से संदिग्ध और घुसपैठ संबंधी गतिविधियों की पहचान करने में भी सहायता मिलेगी कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित, अभिषेक त्रिपाठी, क्षेत्रीय लेखपाल, अधिवक्ता और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे अंत में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से जनपदवासियों से अपील की कि वे 7 मई से 21 मई तक चलने वाले इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी सही जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाएं।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जन्म दिन हुआ भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के तीन राज्यों में सरकार बनने और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिन की खुशी में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कराया भंडारे का आयोजन

भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मनाया उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन यशवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में पश्चिम बंगाल , असम और पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत और उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के जन्मदिन के अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जन्मदिन मनाया तत्पश्चात भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य , पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद , पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान , पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत , नगर पालिका परिषद पीलीभीत चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह , ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा , ब्लॉक प्रमुख अमरिया निशान सिंह , जिला महामंत्री महादेव गायन , अनुराग अग्निहोत्री ,मंगली प्रसाद वर्मा , जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती , विकास श्रीवास्तव ,मनोज गुप्ता , आयुष मिश्रा , जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, पंकज तिवारी , विकास वाल्मीकि , सत्यपाल वर्मा , नागेन्द्र प्रताप , रेनू राज ,जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा , जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार , जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा , अभिषेक सिंह गोल्डी,अंशुमन तिवारी ,राम चरन लाल राठौर , सियाराम मौर्य ,धर्मेंद्र लोधी ,अरुण मिश्रा , नरेंद्र तिवारी ,संगीता मौर्य , सागर सैनी , मनोज मिश्रा , शिवनारायण शर्मा , राजेंद्र कुमार मौर्य, साकेत सक्सेना , वतनदीप मिश्रा , अमनदीप मिश्रा , विपिन कुमार , सुनीता सिंह , प्यारे लाल ,स्वतंत्र देवल ,कप्तान सिंह कुशवाहा , हर्ष प्रधान , प्यारे लाल कश्यप , संजीव कुमार मौर्य , ओ. पी मौर्य , विवेक शुक्ल , मनोज शर्मा प्रमुखता से उपस्थित रहे ।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े दामों पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और कमी को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजी.) के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपते हुए कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम वापस लेने की मांग की है व्यापारियों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता न होने और अचानक कीमतों में भारी वृद्धि के कारण कुटीर उद्योग, घरेलू उद्योग, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग व्यवसाय, हवाई डेरी संचालक और ठेलों पर खाद्य सामग्री बेचने वाले छोटे व्यापारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडर का मूल्य 2080 रुपये से बढ़ाकर 3171 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया, जिससे व्यापारियों की लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है व्यापारियों ने आरोप लगाया कि गैस की कमी और बढ़ती कीमतों के कारण कारोबार बंदी की कगार पर पहुंच गया है उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति से मांग की है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा घरेलू गैस की तरह इसकी ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था लागू की जाए साथ ही महंगाई और कालाबाजारी रोकने के लिए बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस लेने और कमर्शियल गैस पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग उठाई गई है व्यापारियों ने यह भी मांग की कि शादी-विवाह, अस्पतालों और स्कूलों के लिए मांग अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा गैस डिलीवरी पर एजेंसियों को मिलने वाले भाड़े का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और गैस के वैकल्पिक ईंधन पर शोध के लिए कमेटी गठित करने की भी अपील की गई ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कमर्शियल गैस की कमी के चलते उद्योगों को पुराने वैकल्पिक ईंधनों के प्रयोग की अनुमति दी जाए और इसके लिए प्रदूषण विभाग व एनजीटी नियमों में पांच वर्षों तक छूट प्रदान की जाए इस दौरान प्रदीप शुक्ला, रवि जायसवाल, गोल्डी जोशी, अवलोक मिश्रा, शालिनी गुप्ता, अनुराग दीक्षित,आसिफ अंसारी, रिजवान, शादाब, मोहम्मद कैफ, बृजेश कुमार शुक्ला, अनुराग अवस्थी, वैभव सक्सेना, उमाशंकर कोहली, अमन, अवनीश,नाहिद अहमद, अनुपम अवस्थी,कुलदीप सनाढ्य, अमीशचंद,सहित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे है।

# जमीन पर कब्जे की कोशिश, शिकायतों के बाद भी प्रशासन मौन, दबंगों के हौसले बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जमीन कब्जाने के आरोपों का एक मामला सामने आया है, जहां एक महिला लगातार प्रशासन के चक्कर काट रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। सवाल यह है कि आखिर शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे लक्ष्मणपुर निवासी बिंदु सिंह पत्नी कमलभान सिंह ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा वर्ष 1990 में खरीदी गई जमीन पर 1992-94 में मकान बनवाया गया था और परिवार वर्षों से वहां रह रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग अब जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि 1 अप्रैल 2026 को दबंग मौके पर पहुंचे और जबरन कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकी भी दी गई। लेकिन हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वर्षों पुराने मकान और स्पष्ट बैनामा होने के बाद भी कोई परिवार सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी आखिर न्याय की उम्मीद किससे करे? प्रशासन की चुप्पी कहीं न कहीं दबंगों के हौसले बढ़ाने का काम कर रही है। सही है कि सरकारी फाइलों में तत्काल कार्रवाई के दावे जरूर दर्ज होते हैं, लेकिन जमीन पर पीड़ित आज भी न्याय के इंतजार में खड़ा दिखाई देता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह संदेश जाएगा कि शिकायत करने से ज्यादा ताकत कब्जा करने वालों की चलती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन पीड़ित परिवार को न्याय दिलाता है या फिर यह मामला भी कागजी जांच और तारीखों के बीच दबकर रह जाएगा।

## गौरीगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा प्रतापगढ़ का तस्कर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत दस किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ गैरजनपद के एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग बारह लाख रूपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान सैंठा बार्डर के पास प्रतापगढ़ की ओर से आ रहा प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 72 बीयू 2684 सवार घनश्याम कुमार शुक्ल पुत्र रामकुमार शुक्ल निवासी पूरे बल्दी मजरे रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मोटर साइकिल की डिग्गी से व मोटरसाइकिल पर टंगे दो झोलों से अलग अलग छह पैकेटों में कुल दस किलो एक सौ ग्राम गांजा व गांजा क्रय विक्रय की घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में कारोबारी ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से गांजा बेचनें का काम कर रहा है व मोबाइल फोन में वेब एप के माध्यम से जी.एस. नाम के व्यक्ति से बात करके प्रयागराज के सांसों के पास से गांजा लाता है। जी.एस. उपरोक्त का कोई नंबर नहीं है वह गांजे की फोटो वेब एप पर भेजकर दिखाता है जिससे बात करके वह तीस किलोग्राम गांजा लाया था जिसमें शेष गांजा आज बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## ट्रेलर वाहन ने बाइक सवारों कों रौंदा, दो युवकों की मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। देहात कोतवाली क्षेत्र के दोमुंहा-पखरौली मार्ग पर सोनबरसा गांव के पास गुरुवार को दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा ट्रेलर की टक्कर से हुआ बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक यूपी 44ए वाई 5818 नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक के चीथड़े उड़ गए। उसके शरीर के टुकड़ो कों बटोरा गया। मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतकों की पहचान देहात कोतवाली के बभनगवा गांव निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

## आयुर्वेदिक कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने बुंदेलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं और छात्र समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्राचार्य रामकृष्ण राठौर को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। महानगर मंत्री सुयश शुक्ला ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन लंबे समय से छात्रों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को डराने और दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है, ताकि प्रशासन की कमियां उजागर न हो सकें। परिषद लगातार कॉलेज प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराता रहा, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। ज्ञापन में परिषद ने कॉलेज और हॉस्टल से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया। इसमें इंटर्न छात्रों के लिए शासन के प्रावधानों के अनुसार उचित हॉस्टल व्यवस्था, जर्जर भवनों की मरम्मत, सभी छात्रों के लिए सुरक्षित आवास, स्वच्छ कैंटीन, पेयजल, बिजली, शौचालय और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। इसके अलावा कॉलेज और हॉस्टल परिसर के आसपास फैली झाड़ियों की सफाई कराने, नियमित कक्षाओं एवं प्रयोगात्मक कार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा छात्रों की आवाज उठाने पर मानसिक प्रताड़ना बंद करने की भी मांग की गई। विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज गेट पर संचालित सिगरेट की दुकान और महाविद्यालय से करीब 250 मीटर दूरी पर खुली शराब की दुकान पर भी आपत्ति जताई। परिषद का कहना है कि शैक्षणिक संस्थान के एक किलोमीटर के दायरे में मदिरा की दुकान नहीं होनी चाहिए, इससे कॉलेज का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

प्राचार्य रामकृष्ण राठौर ने परिषद के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार तक आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री निर्भय प्रताप, जिला संगठन मंत्री आकाश सिंह, महानगर सह मंत्री कल्याण चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान, टिकट की बुकिंग शुरू

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जून को पहली फ्लाइट बेंगलुरु के लिए जाएगी। यह फ्लाइट लखनऊ से नोएडा हवाई अड्डे होकर बेंगलुरु जाएगी। इसके लिए टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। पहली फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की होगी। अकासा और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने नोएडा एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने की तिथि अभी घोषित नहीं की है। नोएडा हवाई अड्डे को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से एयरपोर्ट सिक्योरिटी प्रोग्राम अप्रूवल मिलने के बाद इंडिगो ने 15 जून से विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। गुरुवार शाम को हवाई अड्डे से पहली फ्लाइट का शेड्यूल भी घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट आएगी और यहां से बेंगलुरु जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि यह फ्लाइट सुबह आठ बजे के करीब यहां पहुंचेगी और कुछ देर नोएडा एयरपोर्ट पर रुकने के बाद बेंगलुरु के लिए रवाना हो जाएगी। देश के अन्य शहरों के लिए फ्लाइट शेड्यूल भी देर रात तक सामने आ जाएगा। दिल्ली एनसीआर के यात्रियों के लिए देश के प्रमुख शहरों जैसे नवी मुंबई, कश्मीर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, जयपुर, बंगलुरू, अहमदाबाद, गोवा के लिए उड़ाने शुरू करने की तैयारी है।

## अमेठी में 7 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अमेठी। उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी में ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना मोहनगंज पुलिस ने 7 किलोग्राम गांजा बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 9 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों मुकेश कुमार सिंह उर्फ रामू पुत्र चन्द्रचूण सिंह निवासी उत्तरपारा थाना मोहनगंज तथा शिवकुमार पुत्र मोहन निवासी रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान मुकेश के कब्जे से 14 पुड़िया तथा शिवकुमार के कब्जे से 12 पुड़िया गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि उन्हें गांजा बेचने के लिए राजदेव पुत्र रामस्वरूप निवासी ब्रह्मनी थाना फुरसतगंज द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर राजदेव को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 3 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस की जांच में सामने आया कि राजदेव ने हाल ही में मुकेश और शिवकुमार को 6 किलोग्राम गांजा बिक्री के लिए दिया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर भूपसिंह की पुलिया के नीचे छिपाकर रखा गया 4 किलोग्राम गांजा भी बरामद कर लिया गया।

## जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन : हाजी फजल महमूद

कानपुर। नगर निगम कानपुर की लापरवाही के कारण कानपुर शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, जलभराव और जाम सीवर से लोग परेशान हैं। सीएम-ग्रिड्स योजना के अधूरे निर्माण कार्यों ने व्यापारियों और आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी व्यापक जनआंदोलन करेगी। यह बातें समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने गुरुवार को नगर निगम परिसर में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान कही।समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के नेतृत्व में नगर निगम परिसर में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। धरने का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन दीपक खोटे और अजय श्रीवास्तव ने किया। धरना-प्रदर्शन के बाद समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त का प्रतिनिधित्व कर रहे अपर नगर आयुक्त आवेश खान को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, जलभराव, जाम सीवर, पेयजल संकट, जर्जर सड़कों, खुले नालों, धूल प्रदूषण, खराब स्ट्रीट लाइटों और कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने समाजवादी पार्टी नेताओं को आश्वासन दिया कि पार्टी द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर जल्द समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने गौशाला के निरीक्षण में कमी मिलने पर जताई नाराजगी

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को विकासखंड टूंडला स्थित वृहद गौशाला मदावली का औचक निरीक्षण। इस दौरान गौशाला में अभिलेखों के रखरखाव में कमियां पाए जाने पर उन्होंने गौशाला का संचालन कर रहे एवरग्रीन फाउंडेशन के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया।

# सपा और तृणमूल कांग्रेस की राजनीति एक जैसी : बृजेश पाठक

एजेंसी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने पुलवामा हमले के शहीद जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री पाठक ने हुतात्माओं को नमन करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों और उनके आकाओं को धूल चटाने का काम किया है।

ब्रजेश पाठक ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरे देश के लिए गौरव का क्षण बताया और भारतीय सेना की सराहना की। पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या पर उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और जनता बदलाव चाहती है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि सपा और तृणमूल कांग्रेस एक जैसी राजनीति करती हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार, अराजकता और ह्लवन डिस्ट्रिक्ट वन माफियाङ्क के दौर को नहीं भूली है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 2017 का इतिहास दोहराते हुए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। उप मुख्यमंत्री का विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष, संजीव सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया।

## जिलाधिकारी ने दो उपजिलाधिकारियों का कार्यक्षेत्र बदला

जौनपुर । यूपी के जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया है। गुरुवार को उन्होंने दो उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फ़ेरबदल किया। जिलाधिकारी के जारी आदेश के अनुसार बदलापुर की उपजिलाधिकारी योगिता सिंह को मछलीशहर का एसडीएम नियुक्त किया गया है। वहीं मछलीशहर के उपजिलाधिकारी न्यायिक शिव प्रताप को बदलापुर का एसडीएम बनाया गया है। कार्यभार संभालने के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की असली पहचान है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा।

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार, 12 बैंक खातों में जमा 1.25 लाख रुपये फ्रीज

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के श्रीरामपुर पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, बैंकिंग दस्तावेज, सिम कार्ड, स्कैनर, लैपटॉप तथा नकदी सहित भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। साथ ही ठगी में प्रयुक्त 12 बैंक खातों में जमा करीब 1.25 लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के जरिए लोगों से ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रतापपुर फैक्ट्री की बाउंड्रीवाल के पास घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में



नितीश प्रताप सिंह पुत्र बृजेश सिंह निवासी चकरवा टोला प्रेम राय थाना श्रीरामपुर, कमलेश सिंह पुत्र वकिल सिंह निवासी बैकुण्ठपुर थाना श्रीरामपुर तथा मृत्युंजय खरवार पुत्र गम्भीर प्रसाद निवासी बैकुण्ठपुर थाना श्रीरामपुर शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक ने अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम खिलवाने और सट्टा लगवाने का काम करते थे। लोगों को आकर्षक ऑफर देकर वे विभिन्न बैंक खातों में रुपये मंगवाते थे और फिशिंग लिंक तथा फर्जी भुगतान प्रक्रिया के जरिए ठगी करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 18 एटीएम कार्ड, एक वाहन रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, दो बैंक पासबुक, तीन बैंक चेकबुक, एक पासपोर्ट, सात सिम कार्ड सहित पैकेट, 30 खाली सिम पैकेट, सात एंड्रॉयड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल, चार स्कैनर, एक एचपी ब्रांड लैपटॉप तथा 29,070 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# रेल हादसे का मेगा ट्रायल: एक्शन में आरपीएफ व रेलवे टीम,दिखी हाई अलर्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गंगा धाम रेलवे स्टेशन से पहले एक क्रॉसिंग पर उस स मय अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रेन हादसे की सूच ना फैल गई और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। रेलवे, पुलिस और एम्बुलेंस की बड़ी संख्या में मौजूदगी से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया,शु रु आत में स्थानीय लोगों को एक वास्तविक ट्रेन हादसे की सूचना मिली,जिसके बाद आसपास के कई गांवों से भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई।लोग घंटों तक स्थिति को समझने और जानकारी लेने की कोशिश करते रहे,जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया।कुछ समय बाद स्पष्ट हुआ कि यह कोई वास्तविक हादसा नहीं था,बल्कि रेल प्रशासन द्वारा आयोजित एक मॉक ड्रिल था।इस का उद्देश्य संभावित ट्रेन दुर्घटना की स्थिति में राह त और बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन क रना था।

### आपात स्थिति से निपटने की तैयारी का परीक्षण

अभ्यास के दौरान यह देखा गया कि दुर्घटना की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर कितनी ते जी से पहुंचाया जा सकता है और प्रशासन कितनी जल्दी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर स कता है।रेलवे विभाग समय-समय पर ऐसी आपात कालीन तैयारियों का परीक्षण करता रहता है।इस से वास्तविक हादसे जैसी स्थिति उत्पन्न कर राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावशीलता को परखा गया घटना की सूचना मिलते ही मंडल कंट्रोल ने तत्का ल एनडीआरएफ,अग्निशमन दल और अन्य संबं धित एजेंसियों को अलर्ट किया।कुछ ही समय में सभी टीमें मौके पर पहुंचीं और समन्वित तरीके से राहत कार्य शुरू किया।घायलों को निकालने, प्राथ मिक उपचार देने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया को तेज और व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया गया।यात्रियों की सहायता और जानकारी के लिए दुर्घटनास्थल तथा प्रमुख स्टेशनों पर पूछताछ केंद्र और सहायता डेस्क स्थापित किए गए।मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन (एआरएमवी),दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) और रेलवे क्रेन का उपयोग किया गया। एनडीआरएफ और रेलवे टीमों के बीच उत्कृष्ट तालमेल देखने को मिला।रेल सूत्रों का कहना है कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन तैयारियों का आकल न करना, मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के पालन को परखना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना था।

### रेलवे और आरपीएफ की टीम रही सक्रिय

गोंडा-बहराइच रेल मार्ग पर हुए इस मॉक ड्रिल में रेलवे विभाग की विभिन्न टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी तत्परता का आकलन किया। गोंडा आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने पुष्टि की कि यह कोई वास्तविक हादसा नहीं था, बल्कि राहत और बचाव तैयारियों को परखने के लिए किया गया अभ्यास था।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर समय-समय पर इस तरह के मॉक ड्रिल आयोजित किए जाते हैं, ताकि आपात स्थिति में रेलवे की प्रतिक्रिया क्षमता को बेहतर किया जा सके।

# एमएलसी के हाथों 48 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिली स्मार्ट फोन की सौगात

बहराइच । विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ जनपद अन्तर्गत बाल विकास परियोजना नगर में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त 83 पदों के सापेक्ष नव चयनित 48 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निहारिका विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर अनुज कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी हुजूरपुर विमल कुमार सिंह व बाल विकास परियोजना अधिकारी, फखरपुर सुश्री अंजली गुप्ता सहित चयनित अभ्यर्थी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बीडीओ के कंधों पर होगी फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टैक के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान योजना के लाभार्थियों सहित समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनवाये जाने हेतु 30 अप्रैल तक संचालित किये गये अभियान कुल 602212 कृषकों के सापेक्ष 428258 कृषकों की फार्मर आई.डी. सृजित की गई है, जो कि प्रदेश के औसत 76.50 के सापेक्ष 71.11 प्रतिशत है। फार्मर आई.डी. की प्रगति में बढ़ोत्तरी के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कमान संभाल ली है। फार्मर आई.डी. कार्य में गुणात्मक वृद्धि दर्ज करने के उद्देश्य से सीडीओ द्वारा प्रत्येक ब्लाकों में स्थित राजस्व ग्राम में फार्मर रजिस्ट्री करवाने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित बीडीओ को सौंपी गई है।

उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक राजस्व ग्राम के फार्मर आई.डी. से वंचित किसानों की सूची बीडीओ को उपलब्ध करायेंगे। बीडीओ प्राप्त सूची राजस्व ग्राम में ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को उपलब्ध करायेंगे तथा आवश्यकतानुसार ड्यूटी भी लगायेंगे। ड्यूटी पर लगे कर्मचारी सूची सहित संबंधित राजस्व ग्राम का भ्रमण कर आपसी समन्वय बनाते हुए वंचित किसानों की फार्मर आइडी बनाना सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ की यह भी जिम्मेदारी होगी कि प्रतिदिन की प्रगति से सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी को अवगत करायेंगे।

तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त विकास खंडों में फार्मर आइडी बनाने की प्रगति के पर्यवेक्षण का दायित्व संबंधित उपजिलाधिकारी का सौंपा गया है। एसडीएम की जिम्मेदारी होगी कि विकास खण्डों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट से उप निदेशक कृषि को अवगत करायेंगे। एसडीएम को या भी निर्देश दिये गये हैं कि फार्मर आई.डी. एप्रूवल कार्य को प्रत्येक दशा में अद्यतन रखा जाय। समस्त तहसीलों में फार्मर आइडी बनाने की प्रगति के पर्यवेक्षण का दायित्व डीडी एग्री का होगा, जो प्रतिदिन की प्रगति से डीएम व सीडीओ को अवगत करायेंगे। ड्यूटी पर लगे कर्मचारी द्वारा शिथिलता बरतने पर बीडीओ द्वारा तत्काल कर्मचारी के अनुशासनात्मक अधिकारी को अवगत कराया जायेगा। अनुशासनात्मक अधिकारी द्वारा सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही कर डीएम व सीडीओ को सूचित किया जायेगा।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के माध्यम से जिले के समस्त सीएससी केन्द्र संचालकों को फार्मर आइडी सृजित करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। जनपद में अधिक से अधिक वंचित किसानों की आई.डी. बन सके इसके लिए कोटेदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि किसानों को जागरूक करें तथा ग्राम पंचायतों में लगी हुई टीमों को सहयोग करेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले के सभी ग्राम प्रधानों के माध्यम से किसानों को आई.डी. बनवाने के लिए जागरूक किया जाय। फार्मर आई.डी. बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग प्राप्त किया जायेगा। इस कार्य के लिए नगर मजिस्ट्रेट व पीडी डीआरडीए को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# तंत्र विद्या के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह का खुलासा,पांच गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । ददुवां बाजार निवासी संजय रस्तोगी 27 अ प्रैल को थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी कि दैनिक समाचार पत्र के साथ आये एक पर्चा पढकर अपने समस्याओं के समाधान के लिए उक्त नम्बर पर सम्पर्क किया,जिसपर सम्बन्धित व्यक्ति यों के द्वारा अपने कार्यालय पर बुलाया गया था।वहाँ पर कुछ लोगों ने तंत्र-मंत्र के जरिये ग्रह दशा सुधारने,आर्थिक स्थिति बेहतर करने और अन्य परेशानियों से निजात दिलाने का झांसा देकर करीब वहां मौजूद दो व्यक्तियों द्वारा पूजा-पाठ एवं विशेष अनुष्ठान कराने की बात कहकर उससे विभिन्न प्रकार की सामग्री मंगवाई और 42 दिन तक पूजा पाठ उनके उसी कार्यालय पर किया जहाँ से ला खो रुपये की ठगी कर ली।ठग जेवर और नकदी लेकर रातोंरात नदारद हो गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।वहां मौजूद व्यक्तियों द्वारा पूजा-पाठ एवं विशेष अनुष्ठान कराने की बात कहकर उससे वि भिन्न प्रकार की सामग्री मंगवाई गई।42 दिन तक पूजा पाठ उनके उसी कार्यालय पर किया गया था,

27 मार्च से 30 मार्च तक घर पर पूजा-पाठ किया गया तथा पूजा के नाम पर के घर व दुकान का ल गभग 750 ग्राम सोने के जेवरात, 750 ग्राम चांदी एवं अन्य धातुएं लेकर एक स्टील के डिब्बे में रख कर पूजा स्थल पर रख दी गईं।पूजा के दौरान क थित रूप से कलश में काला सांप दिखाकर एवं उ सके परिवार को भयभीत किया गया तथा देवता के नाराज होने की बात कहकर सभी को कमरे में भेज दिया।इसके उपरान्त विशेष पूजा के नाम पर प्रार्थी से दो लाख रुपये की मांग की गई थी, रुपये देने के बाद अन्य पूजा प्रयाग में करने की बात कह कर सभी चले गये तथा साथ ही पूजा स्थल के आ स पास न जाने की हीदायत दी गयी।काफी दिनों तक वापस न आने एवं फोन रिसीव न करने पर प्रार्थी को संदेह हुआ।जब परिवार सहित कमरे का ताला खोल कर पूजा स्थल देखने पर वहां रखे स भी जेवरात एवं अन्य सामान गायब मिले।पूछताछ के दौरान ठगो ने बताया कि इन लोगो का एक संग ठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए पू जापाठ व विशेष अनुष्ठान के नाम पर धोखाधड़ी करते है।पहले विभिन्न जनपदों एवं स्थानों पर घूम-घूमकर कुछ दिन रुकते थे तथा पम्पलेट बांटकर तंत्र-मंत्र एवं पूजा-पाठ द्वारा समस्याओं के समाधा न का प्रचार-प्रसार करते थे।पम्पलेट में अंकित मो बाइल नम्बर पर सम्पर्क करने वाले लोगों को वि श्वास में लेकर उनके घर जाते थे तथा परिवार की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष पूजा-पाठ व अनुष्ठान कराने की बात कहते थे।ठगो ने पूजा के दौरान घर में मौजूद सोने-चांदी के जेवरात एवं रुप ये-पैसे को एक घड़े/कलश में रखवाते थे।इसी दौ रान मुख्य पुजारी बने शफीक पुत्र अनवार अहमद अपने पास पहले से छुपाकर रखा गया सांप निका लकर दिखाता था,जिससे परिवार के लोग भय भी त होकर पूजा स्थल से हट जाते थे।मौके का फाय दा उठाकर अभियुक्तगण बड़ी सफाई से घड़े में र खे जेवरात एवं नकदी निकाल लेते थे तथा परिवार को यह कहकर विश्वास में लेते थे कि घड़े को 21 दिनों तक नहीं खोलना है और बाद में आकर पूजा सम्पन्न कराई जाएगी।इसके बाद सभी आरोपी जे वरात एवं नकदी लेकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि फरवरी एवं मा र्च माह में जनपद गोण्डा में शिव शक्ति ज्योतिष ए वं आध्यात्मिक अनुसंधान के नाम से पर्चे बांटे गये थे।इसी दौरान ददुवा बाजार सोनार गली,जानकी नगर कालोनी कुंवर टाकीज के पीछे,आजादनगर कालोनी मनकापुर,तथा जनपद बहराइच के दरगा ह शरीफ क्षेत्र गुलाम अलीपुर में कई व्यक्तियों को तंत्र-मंत्र एवं भय दिखाकर पूजा-पाठ के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया तथा उनके जेवरात एवं रुपये-पैसे हड़प लिये गये थे।

# स्कूलों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों को तत्काल हटाने और फ्यूज सेट लगाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति ना गपाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में विद्यु त विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक हुई।बैठक में गोंडा बलरामपुर,बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों की विद्यु त आपूर्ति,ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन,स्मार्ट मीटर, विद्यु त संयोजन,स्कूल लाइन शिफ्टिंग एवं विभिन्न विद्यु त परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बै ठक में मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलना ह र हाल में सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शिकायतों का, त त्काल निस्तारण हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।समीक्षा के दौरान आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अविद्युतीकृत ब सावटों के विद्युतीकरण एवं नए कनेक्शन जारी करने की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने मेसर्स विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।मण्डलायुक्त ने मनकापुर, बलरामपुर एवं गोंडा के एक्सईएन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों पर फ्यू ज सेट लगाने की खराब प्रगति पर मुख्य अभियंता विद्युत को संबंधित अधिकारियों को शो कॉज नो टिस जारी करने के निर्देश दिए।साथ ही सभी ए क्सईएन को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत फ्यूज सेट लगाए जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ट्रां सफार्मर खराब होने पर मरम्मत व्यय की रिकवरी संबंधित एक्सईएन के वेतन से की जाए।बैठक के अंत में मण्डलायुक्त ने सरकारी नलकूपों एवं पेयज ल योजनाओं के ऊर्जीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने,नए विद्युत कनेक्शन अभियान चलाकर जारी करने तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।एसएमएम इंफ्राटे क को भी एक माह के भीतर सभी लंबित विद्युत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि समयसीमा का पालन न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अन्य कार्यदायी संस्थाओं को दस दिन में लंबित कार्य समाप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में झटपट पोर्टल की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि एक भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने नए विद्युत संयोजन शीघ्र जारी करने तथा त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों का त्वरित संशोधन सुनिश्चित करने को कहा।स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों एवं भ्रांतियों को गंभीरता से लेते हुए मण्डलायुक्त ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों में विश्वास कायम हो।विद्यालय परिसरों से गुजर रही एचटी एवं एलटी लाइनों की शिफ्टिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान गोंडा में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी एजेंसियों को चेतावनी दी गई कि अभियान चलाकर स्कूल परिसरों को जल्द से जल्द बिजली लाइनों से मुक्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय के ऊपर बिजली के तार नहीं लटकने चाहिए।

### मूंगफली व तिल बीज के नि:शुल्क मिनी किट हेतु 10 मई तक आवेदन कर सकते हैं कृषक

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यकम के अन्तर्गत खरीफ 2026-27 में कृषि विभाग के पंजीकृत कृषक विभागीय वेबसाइट एग्रीकल्चर डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर नि:शुल्क मिनी बीज किट प्राप्त कर सकते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से जनपद को मूंगफली के 20 कुण्टल तथा तिल के 04 कुण्टल मिनी बीज किट का लक्ष्य आवंटित किया गया है। पात्र आवेदकों के मध्य आनलाइन लाटरी के माध्यम से चयन की प्रकिया पूर्ण कर पी.ओ.एस मशीन के माध्यम से बीज मिनीकिट का वितरण किया जायेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

### पंचामृत योजना' से वैश्विक मंच तक पहुंचेगा संत कबीर का दर्शन, डीडीयू विश्वविद्यालय में शोध विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में संत कबीर के विचारों और मानवतावादी दर्शन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए संत कबीर अकादमी की शोध विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में अकादमी के निदेशक अतुल द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के विद्वान एवं विशेषज्ञ सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में संत कबीर के समरसता, मानवता और सामाजिक चेतना से जुड़े विचारों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'पंचामृत योजना' के अंतर्गत विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कबीर के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और इन्हें नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कबीर दर्शन पर गंभीर एवं गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने के लिए 08 शोधार्थियों को फ़ेलोशिप प्रदान की जाएगी, जिसमें 04 जूनियर रिसर्च फ़ेलो और 04 सीनियर रिसर्च फ़ेलो शामिल होंगे। इससे कबीर साहित्य, दर्शन और सामाजिक चेतना पर गहन अध्ययन को नई गति मिलेगी।

इसके साथ ही अकादमी की शोध पत्रिका का नाम 'कबीर पंचामृत' रखने पर सहमति बनी। यह त्रैमासिक शोध पत्रिका होगी, जिसमें कबीर दर्शन, भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक समरसता से जुड़े शोध आलेख प्रकाशित किए जाएंगे।

बैठक में मगहर से वाराणसी तक 'कबीर परिपथ' के चिन्हांकन का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि संत कबीर से जुड़े ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को एक साझा पहचान मिल सके और शोध एवं पर्यटन की दृष्टि से इसे विकसित किया जा सके।

अकादमिक गतिविधियों को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को विशेष कार्यशालाओं के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। संस्कृत विभाग द्वारा 'नाथपंथ', इतिहास विभाग द्वारा 'कबीर दर्शन' तथा ललित कला विभाग द्वारा कबीर के जीवन और विचारों पर आधारित विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने निर्देश दिया कि कबीर के विचारों को केवल विश्वविद्यालय तक सीमित न रखकर विद्यालयों से भी जोड़ा जाए, ताकि बच्चों में मानवता, समरसता और सामाजिक सौहार्द के मूल्यों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज के समय में सामाजिक एकता और नैतिक चेतना के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

# जनपद में 11 मई से ब्लाक मुख्यालयों पर आयोजित होंगे दिव्यांगता चिन्हॉकन शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से ब्लाकों एवं निकायों में 11 से 30 मई 2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक चिन्हाकन शिविरों का आयोजन प्रस्तावित है। चिन्हांकन शिविरों में दिव्यांगजनों की पात्रता का चिन्हांकन कर उनकी दिव्यांगता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

शिविर रोस्टर की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि 11 मई को ब्लाक परिसर चित्तौरा में ब्लाक चित्तौरा एवं नगर क्षेत्र बहराइच, 12 को ब्लाक परिसर रिसिया में ब्लाक रिसिया एवं नगर क्षेत्र रिसिया, 13 को ब्लाक परिसर तेजवापुर, 14 को ब्लाक परिसर बलहा में ब्लाक बलहा व नगर क्षेत्र नानपारा, 15 को ब्लाक परिसर महसी, 16 को ब्लाक परिसर शिवपुर, 18 को ब्लाक परिसर फखरपुर, 19 मई को ब्लाक परिसर पयागपुर ब्लाक पयागपुर एवं नगर क्षेत्र पयागपुर, 20 को ब्लाक परिसर कैसरगंज में ब्लाक कैसरगंज व नगर क्षेत्र कैसरगंज, 21 को ब्लाक परिसर हु.जूरुपर, 22 को ब्लाक परिसर नवाबगंज में ब्लाक नवाबगंज व नगर क्षेत्र रूपईडीहा, 25 को ब्लाक परिसर मिहींपुरवा में ब्लाक मिहींपुरवा एवं क्षेत्र मिहींपुरवा, 28 को ब्लाक परिसर जरवल में ब्लाक जरवल व नगर क्षेत्र जरवल तथा 30 को ब्लाक परिसर विशेश्वरगंज में ब्लाक क्षेत्र विशेश्वरगंज के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जायेगा।

डीएम श्री त्रिपाठी ने दिव्यांगजनों को सुझाव दिया है कि इच्छुक दिव्यांगजन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (जिसमें दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो), सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान के स्तर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र (जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की वार्षिक रू. 46,080=00 व शहरी क्षेत्र के लिए रू. 56,460=00 वार्षिक से अधिक न हो), एक नवीन आकार का दिव्यांगता दर्शाता हुआ पासपोर्ट साईज़ का फोटोग्राफ, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति और यदि आवेदक अनूसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है, तो जाति प्रमाण-पत्र के साथ शिविर में प्रतिभाग कर आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठायें। डीएम ने बताया कि गतिशीलता की दिव्यांगता से सम्बन्धित दिव्यांगजनों हेतु सहायक यंत्र जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, बैसाखी, छड़ी, स्मार्टकेन, एल्बो बैसाखी और वाकिंग फ़ेम/रोलेटर्स, दृष्टिबाधित दिव्यांगता से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के लिए शिक्षण उपकरण जैसे अंकगणितीय फ्रेम, एबॉकस, ज्यामितीय किट्स अथवा ब्रेल एजूकेशनल किट्स तथा डेजी प्लेयर, स्मार्ट फोन, टेबलेट, दृष्टिबाधित दिव्यांगजन के लिए सामान्य फोल्डिंग छडी, स्मार्ट छडी, श्रवणबाधित दिव्यांगजन हेतु विभिन्न प्रकार के श्रवण सहायक यंत्र, बी.टी.ई. (कान की मशीन) तथा शैक्षणिक किट, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों एवं विद्यार्थियों हेतु एम.आर. किट, कुष्ठ रोग से मुक्त व्यक्तियों के दैनिक क्रियाकलापों को आसान बनाने हेतु ए.डी.एल. किट तथा बहुदिव्यांगता की दशा में अथवा जिन दिव्यांगजनों को एक से अधिक सहायक उपकरण की आवश्यकता होती है उनके लिए एक बार में अधिकतम रू. 15000/- तक के एक से अधिक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु चिन्हांकन किया जायेगा।

# ओवरलोड का आतंक : सड़कों पर दौड़ रहे मौत के सवार, जिम्मेदार फिर भी खामोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलेभर में लगातार हो रहे हादसों के बाव जूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।शहर की सड़कों पर ओवरलोड टैंपो और ई-रिक्शे बेखौफ दौड़ रहे हैं,मानो मानकों और नियमों का कोई अस्तित्व ही न हो।हालत यह है कि इन वाहनों में स्कूली बच्चों की जान तक जोखिम में डालकर ढोई जा रही है।इतना ही नहीं, ई-रिक्शों और टैंपों में लोहे की सरिया, लंबी पाइपें, लकड़ी की बल्लियां और अन्य सामान खतरनाक तरीके से लादा जा रहा है।कई फुट आगे-पीछे नि कला यह सामान न सिर्फ नियमों का खुला उल्लंघ न है,बल्कि सड़क पर किसी भी क्षण बड़ा हादसा होने की आशंका को बढ़ा देता है।क्योंकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। आए दिन

हादसे हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों की नींद अब तक नहीं टूट रही है।लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की अनदेखी के कारण ओवरलोडिंग का यह खेल लगातार बढ़ता जा रहा है।लोगों में ब ढ़ती नाराजगी इस बात का संकेत है कि यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो हालात और भयावह हो सकते हैं।लोगों की मांग है कि प्रशासन तत्काल प्र भाव से सख्त अभियान चलाए और ओवरलोड वा हनों पर कड़ाई से रोक लगाए,ताकि सड़कों पर मौ त का यह खेल बंद हो सके।हादसों के बाद भी लो ग नहीं हो रहे हैं जागरूक।क्षेत्र में हादसे दर हादसे हो रहे हैं,लेकिन लोग हैं कि समझने को तैयार नहीं है।चालक भी लापरवाह होकर वाहन चला रहे हैं।

# बूंदीभूड़ में प्रशासन और ग्रामीण आमने-सामने, हालात तनावपूर्ण,गांव में जमकर बवाल
## पुलिस फोर्स के बीच खुलवाया जा रहा था ठेका, महिलाओं ने कर दी तोड़फोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कलीनगर तहसील क्षेत्र के सीमांत गांव बूंदीभूड़ में प्रस्तावित शराब की दुकान को लेकर गुरुवार को भारी बवाल हो गया शराब की दुकान खुलवाने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और ग्रामीण महिलाओं के बीच जमकर टकराव हुआ देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे घटना में तहसीलदार समेत कई ग्रामीण महिलाएं घायल हो गईं, जबकि आबकारी विभाग और पुलिस के वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई घटना के बाद पूरे गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है जानकारी के अनुसार, बूंदीभूड़ गांव में खोली जा रही शराब की दुकान का ग्रामीण महिलाएं पिछले कई दिनों से लगातार विरोध कर रही थीं महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण खराब होगा, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ेगी और घरेलू हिंसा व अपराध जैसी घटनाओं में इजाफा होगा ग्रामीणों ने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन देकर दुकान न खोले जाने की मांग की थी, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो महिलाओं ने आंदोलन शुरू कर दिया गुरुवार सुबह स्थिति उस समय बिगड़ गई जब एसडीएम परमेश कुमार, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, पूरनपुर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रतीक दहिया, आबकारी विभाग की टीम और कई थानों की पुलिस फोर्स गांव पहुंची प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस सुरक्षा के बीच दुकान खुलवाने की प्रक्रिया शुरू कराई अधिकारियों की मौजूदगी में दुकान खुलने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में महिलाएं मौके पर पहुंच गईं और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए शराब की दुकान को तुरंत बंद कराने की मांग की देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई और कई महिलाएं दुकान के अंदर घुस गईं महिलाओं ने दुकान में रखी शराब की पेटियां और बोतलें बाहर फेंक दीं तथा उन्हें तोड़ना शुरू कर दिया जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने महिलाओं को रोकने का प्रयास किया तो दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई हालात इतने बेकाबू हो गए कि जमकर धक्का-मुक्की, मारपीट और लाठी-डंडे चलने लगे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तहसीलदार ने स्थिति संभालने का प्रयास कर डंडा उठा लिया मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे बताया जा रहा है कि इस दौरान तहसीलदार वीरेंद्र कुमार समेत कई ग्रामीण महिलाएं घायल हो गईं कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आने की सूचना है वहीं गुस्साई भीड़ ने आबकारी विभाग और पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ कर दी कई वाहनों के शीशे टूट गए और प्रशासनिक टीम को किसी तरह मौके से सुरक्षित निकलना पड़ा घटना के बाद गांव में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई हालात को नियंत्रण में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया पूरनपुर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रतीक दहिया सहित कई थानों की पुलिस गांव में डेरा डाले हुए है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा रही है धरने पर बैठीं महिलाओं ने साफ कहा था कि किसी भी कीमत पर गांव में शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी महिलाओं का कहना है कि गांव में शराब बिक्री शुरू होने से परिवार टूटेंगे और बच्चों का भविष्य खराब होगा प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों की अनदेखी की तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा , महिलाओं ने प्रशासन पर जबरन शराब की दुकान थोपने का आरोप लगाया वहीं एसडीएम परमेश कुमार ने कहा कि पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया है उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है गौरतलब है कि प्रदेश सरकार गांव-गांव शराब की दुकान खोलकर अवैध शराब पर रोक लगाने और राजस्व बढ़ाने की नीति पर काम कर रही है हालांकि कई ग्रामीण क्षेत्रों में इसका लगातार विरोध हो रहा है बूंदीभूड़ की घटना प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बढ़ते इसी टकराव का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है।

# अमेठी जनपद में जनगणना अभियान का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में गुरुवार को भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान का औपचारिक शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने स्वयं आनलाइन स्वगणना कर अभियान की शुरुआत की।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पोर्टल के माध्यम से अपनी अपनी जानकारी दर्ज कराते हुये अभियान में सहभागिता निभाई।अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को तकनीकी रूप से अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है। पहली बार नागरिकों को ख्स्वगणनाङ्क की सुविधा प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत लोग स्वयं आनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि जनगणना का प्रथम चरण ख्मकान सूचीकरण



एवं मकानों की गणनाङ्क होगा, जो बाइस मई से बीस जून तक संचालित किया जाएगा। इसके पूर्व सात मई से इक्कीस मई तक स्वगणना की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है जिसमें नागरिक स्वयं निर्धारित आनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक परिवार तक सही जानकारी पहुंचाएं तथा लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वगणना की प्रक्रिया में भागीदारी निभा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं विकासात्मक प्रक्रियाओं में से एक है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, सड़क, रोजगार, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही विकास योजनाओं को प्रभावी बनाने का आधार होते हैं। जिलाधिकारी ने

**डीएम एसपी ने स्वगणना कर नागरिकों से की सहभागिता की अपील**

जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्वगणना पोर्टल पर सही एवं पूर्ण जानकारी भरें तथा इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने भी जनगणना को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए कहा कि नागरिकों की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर स्वगणना में भाग लेने की अपील की। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों की भी स्वगणना कराई गई तथा उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल माध्यम से होने वाली यह प्रक्रिया भविष्य में प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने में सहायक सिद्ध होगी।जनगणना अभियान के तहत नागरिक निर्धारित स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत पोर्टल एवं सरकारी माध्यमों से ही जानकारी प्राप्त करें।

# मूल विद्यालय वापसी को लेकर बीएसए से मिला प्रा.शि.मि. संघ

**शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी का आदेश जल्दरूबीएसए उपेन्द्र गुप्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष वृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह की सफलता पर बीएसए को बुके भेंट कर आभार जताया। जिलाध्यक्ष वृजेश पाण्डेय ने मांग रखी कि अन्य जनपदों की तरह सुलतानपुर में भी विकल्प भरने वाले इच्छुक शिक्षामित्रों की सूची जारी कर मूल विद्यालय वापसी का आदेश शीघ्र निर्गत किया जाए। महामंत्री पवन कुमार व कोषाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र ने बताया कि कई शिक्षामित्रों की तैनाती 70-80 किमी दूर होने से शिक्षण कार्य और जीवन-यापन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रांजली श्रीवास्तव ने इस प्रक्रिया को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने तत्काल पटल बाबू अविनाश यादव को निर्देश दिए कि सभी विकास खंडों से पत्र के माध्यम से जल्द सूची मंगवाकर जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि मूल विद्यालय वापसी का आदेश जारी हो सके। इस अवसर पर राजदेव यादव, नीरज कुमारी, वंदना तिवारी, दीप्ती, अंकित श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यशवंती मंदिर में मनाया गया उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जन्मदिन, तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने पर हुआ भंडारा

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का जन्मदिन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया शहर स्थित यशवंती मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उपमुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह तथा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की इस अवसर पर तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने की खुशी में आयोजित भंडारे में भी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की नीतियों पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, जिसका परिणाम विभिन्न राज्यों में पार्टी को मिल रही सफलता के रूप में सामने आ रहा है कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्सवमय रहा मंदिर परिसर में भाजपा समर्थकों ने जयघोष किए और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की इस दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे।

### फ़ेक फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप, महिला ने पति पर लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम मकरन्दपुर निवासी एक महिला ने अपने पति पर फर्जी फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर बदनाम करने, धमकी देने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं पीड़िता ने थाना पूरनपुर में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, जो अब सोशल मीडिया और धमकियों तक पहुंच गया है ग्राम मकरन्दपुर निवासी वीरेन्द्र कौर पुत्री दयासिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका अपने पति सरवन सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम मुरलीखेड़ा थाना घुंघचिहाई से लंबे समय से विवाद चल रहा है दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक मामलों को लेकर अदालत में मुकदमे भी विचाराधीन हैं महिला का आरोप है कि विवाद के चलते उसका पति लगातार उसे प्रताड़ित कर रहा है प्रार्थिनी के अनुसार कुछ दिन पहले वह किसी कार्य से पूरनपुर गई थी आरोप है कि इसी दौरान उसके पति सरवन सिंह ने अपने कुछ साथियों के साथ उसे घेर लिया और डराने-धमकाने का प्रयास किया महिला ने बताया कि किसी तरह थाना पूरनपुर पुलिस की सहायता से वह सुरक्षित अपने घर पहुंच सकी महिला ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसका पति अब सोशल मीडिया का सहारा लेकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है आरोप है कि आरोपी अन्य युवकों के साथ उसकी फर्जी और एडिट की गई तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर रहा है, ताकि समाज में उसकी बदनामी हो सके पीड़िता का कहना है कि आरोपी लगातार धमकी देता है कि वह उसे इतना बदनाम कर देगा कि उसका जीना मुश्किल हो जाएगा महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे रास्ते में कहीं भी मिल जाने पर जान से मारने की धमकी देता है लगातार मिल रही धमकियों और सोशल मीडिया पर कथित रूप से की जा रही हरकतों से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है प्रार्थना पत्र के अनुसार महिला ने पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पूरनपुर में युवक पर धारदार हथियार से हमला, नाक की हड्डी टूटी, दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है घायल युवक की मां ने थाना पूरनपुर में प्रार्थना पत्र देकर दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है घटना के बाद घायल युवक को पहले पूरनपुर अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय पीलीभीत रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है मोहल्ला साहूकारा लाइनपार वार्ड नंबर 2 निवासी मधु सिंह पत्नी स्वर्गीय अवधेश सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 2 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे उनका पुत्र कुलदीप सिंह किसी कार्य से कारगिल पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था आरोप है कि रास्ते में करन सिंह उर्फ अन्ना पुत्र ओमेन्द्र सिंह तथा राहुल यादव निवासी साहूकारा लाइनपार ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी प्रार्थिनी के अनुसार जब उसके पुत्र ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी आरोप है कि लात-घूंसों से पीटने के साथ ही धारदार हथियार से उसकी नाक पर हमला किया गया,जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई हमले में युवक की आंखों, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं घटना के बाद घायल युवक को तत्काल पूरनपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय पीलीभीत रेफर कर दिया परिजनों के मुताबिक युवक का इलाज अभी भी जिला अस्पताल की इमरजेंसी में चल रहा है पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद भी आरोपी खुलेआम उनके घर के आसपास घूमते हैं और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं इससे पूरा परिवार दहशत में है महिला ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है प्रार्थना पत्र में महिला ने कहा कि वह न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस के पास पहुंची है वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

### छुट्टा पशु से टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। असम हाईवे पर बुधवार रात छुट्टा पशु से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी विजय द्विवेदी का पुत्र अखिलेश बाइक से पीलीभीत की ओर से पूरनपुर लौट रहा था जैसे ही वह गांव खमरिया पट्टी के पास असम हाईवे पर पहुंचा, तभी अचानक एक छुट्टा पशु सड़क पर आ गया इससे बाइक सीधे पशु से टकरा गई और अखिलेश उछलकर दूर जा गिरा हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं घटना की सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंच गए वहीं नगर पालिकाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता भी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से घायल की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने बेहतर उपचार के लिए घायल को पीलीभीत रेफर कराने में सहयोग किया हादसे के बाद क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली

### गौरीगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा प्रतापगढ़ का तस्कर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत दस किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ गैरजनपद के एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग बारह लाख रूपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान सैंठा बार्डर के पास प्रतापगढ़ की ओर से आ रहा प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 72 बीयू 2684 सवार घनश्याम कुमार शुक्ल पुत्र रामकुमार शुक्ल निवासी पूरे बल्दी मजरे रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मोटर साइकिल की डिग्गी से व मोटरसाइकिल पर टंगे दो झोलों से अलग अलग छह पैकेटों में कुल दस किलो एक सौ ग्राम गांजा व गांजा क्रय विक्रय की घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में कारोबारी ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से गांजा बेचनें का काम कर रहा है व मोबाइल फोन में वेब एप के माध्यम से जी.एस. नाम के व्यक्ति से बात करके प्रयागराज के सांसों के पास से गांजा लाता है। जी.एस. उपरोक्त का कोई नंबर नहीं है वह गांजे की फोटो वेब एप पर भेजकर दिखाता है जिससे बात करके वह तीस किलोग्राम गांजा लाया था जिसमें शेष गांजा आज बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 109/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## मोहनगंज पुलिस ने तीन गांजा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने सात किलोग्राम गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत नौ लाख रूपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत गुरुवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुकेश कुमार सिंह उर्फ रामू पुत्र चन्द्रचूण सिंह निवासी ग्राम उत्तरपारा,शिवकुमार पुत्र मोहन निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मुकेश कुमार सिंह के कब्जे से चौदह पुड़िया अवैध गांजा व शिवकुमार के कब्जे से बारह पुड़िया गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में ज्ञात हुआ कि वह दोनों गांजा बेचते हैं जिन्हें राजदेव पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम ब्रम्हनी थाना



फुरसतगंज द्वारा गांजा बेचने के लिये दिया जाता है।आज राजदेव दोनों युवकों को गांजा देने आने वाला था जिसे गिरफ्तार दोनों युवकों की निशानदेही पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।राजदेव के कब्जे से एक झोले में तीन बंडल में कुल तीन किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। राजदेव द्वारा हाल ही में मुकेश और शिवकुमार को छह किलोग्राम गांजा दिया गया था जिसमें से कुछ गांजा मुकेश व शिवकुमार द्वारा बेच दिया गया था शेष गांजा भूपसिंह की पुलिया के नीचे से दो अलग अलग झोलों में से चार पैकेट में कुल चार किलोग्राम गांजा बरामद हुआ तीनों युवकों के कब्जे व निशानदेही से कुल सात किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये गांजा की अंतर्राष्ट्रीय कीमत नौ लाख रूपये बताई जाती है और तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पेयजल परियोजना में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी : डीएम

**जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न**

**जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य करने का निर्देश दिया**



अमेठी,जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्त्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिये।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य न केवल योजना की प्रगति की समीक्षा करना है, वरन उसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

### बदहाल सड़क पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, बोले- यह रास्ता नहीं, गड्ढों का जाल

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में कुरैया पश्चिमी फाटक से मुरादपुर पुलिया तक सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है लोगों का कहना है कि यह मुख्य मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन निकालना तक मुश्किल हो गया है ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ख्यदि कोई व्यक्ति बिना पैर जमीन पर लगाए पश्चिमी फाटक से पूर्वी फाटक तक गाड़ी निकाल दे, तो हम खुद उसे पुरस्कृत कर देंगे लोगों का आरोप है कि सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और जगह-जगह दो-दो फीट पानी भरा रहता है ऐसे में 10 मिनट का सफर तय करने में एक घंटे तक का समय लग जाता है स्थानीय लोगों के मुताबिक जहूरगंज से लेकर शेरपुर तक सड़क की हालत बेहद दयनीय है बड़े-बड़े गड्ढों और कीचड़ के कारण वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं है कई बार राहगीर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं ग्रामीणों का कहना है कि एक बार इस रास्ते से गुजरने के बाद दोबारा आने की हिम्मत नहीं पड़ती ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र से भारी बहुमत मिलने के बावजूद सड़क जैसी बुनियादी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है लोगों ने जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर फर्च्यूनर और एंबुलेंस की टक्कर, एक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को फर्च्यूनर और एंबुलेंस की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए हादसा कूरेभार थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 143 के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में थे जिसके चलते टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पीटीओ शैलेंद्र तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए अपने सरकारी वाहन से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कूरेभार पहुंचाया जहां उनका उपचार शुरू



कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरूकर दी हैं, पीटीओ शैलेंद्र तिवारी द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की हैं।

### विधवा महिला ने लगाया बंधुआकला थाना की पुलिस पर आरोप

सुल्तानपुर। जनपद के बंधुआकला थाना की पुलिस पर लगा आरोप मारपीट में घायल महिला पीड़िता का ही उल्टा कर दिया गया चलान और मारपीट में शामिल चार लोगों के बजाय एक लोगों पर ही कार्यवाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझना निवासी एक विधवा महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता साधना मिश्रा अनुसार मारपीट करने वाले लोगों के उप्पर कार्य वाई करने के बजाय पीड़िता का भी किया गया चलान पीड़िता के अनुसार 16 अप्रैल 2026 को वह अपने बेटे विकास के साथ ई-रिक्शा से बाजार जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अंकित पाण्डेय, अन्केत पाण्डेय तथा रविन्द्र पाण्डेय उर्फ मुन्ना ने ई-रिक्शा रूकवाकर गाली-गलौज शुरूकर दी और विरोध करने पर मारपीट की। महिला का आरोप है कि हमलावर उसके गले से सोने की चौन, पर्स में रखे 700 रुपये और बैंक पासबुक छीनकर फरार हो गए।

## सम्पादकीय

# भगवा हुआ बंगाल

बंगाल में भाजपा का खेला काम कर गया। ऐसा भी नहीं है कि तीन बार से सत्ता पर काबिज बंगाल की शेरनी ममता से जनता का मोहभंग हाल-फिलहाल की घटना है। भाजपा ने दशकों से आक्रामक रणनीति से चुनावी तैयारी की है। केंद्र सरकार के तमाम संसाधनों का गाहे-बगाहे प्रयोग किया। बंगालियों को रास आने वाले तमाम विमर्श गढ़े और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये लाखों मतदाताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है, वहीं तमिलनाडु में थलापति के नाम से चर्चित सुपरस्टार विजय की दमदार एंट्री हुई है। उन्होंने भी परंपरागत राजनीतिक दलों की घोषणाओं से बढ़कर लोकलुभावने वायदे किए हैं। फलतरू दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। स्टालिन न केवल हारे हैं, बल्कि उनकी सरकार भी गई। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिये टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। भाजपा के लिये भी पत्ते खेलने के अवसर हैं। जहां बंगाल, केरलम व तमिलनाडु में सत्ता विरोधी लहर में सरकारें धराशायी हुई हैं,वहीं असम में भाजपा की हैट्रिक बनी है। हेमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने भरपूर बहुमत पाया है। पुडुचेरी में फिर एनडीए सत्ता पर काबिज हुआ है। लेकिन भाजपा की इस जीत की खुशी के बीच केरलम में कांग्रेस नीत गठबंधन की वापसी हुई है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुरूस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिर गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है। इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, बंगाल में भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति से महज 8 फीसदी वोट प्रतिशत की वृद्धि से 131 सीटें बढ़ा ली हैं। इतना ही नहीं टीएमसी के मजबूत गढ़ों में 53 सीटें कब्जा ली हैं। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल- ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल,विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नयी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

# इंडी में बिखराव का खतरा: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय

**इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता।**

भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है। इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी जैसे प्रमुख चेहरों के बीच जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है, वह गठबंधन की आंतरिक स्थिति को और अधिक उजागर करती है। सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की आलोचना करना न केवल राजनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने का तरीका और मंच भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जब गठबंधन के नेता ही एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने लगें, तो यह संदेश जाता है कि गठबंधन केवल नाम का है और वास्तविकता में वह बिखराव की ओर बढ़ रहा है। महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष का रुख भी उसकी रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। यह विधेयक भारतीय समाज की आधी आबादी से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय था, लेकिन इसका विरोध जिस रूप में सामने आया, उसने विपक्ष की स्थिति को कमजोर किया। विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका स्वरूप रचनात्मक होना चाहिए था। यदि विपक्ष इस विधेयक में सुधार के सुझाव देता, उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा और प्रक्रिया पर सवाल उठाता, तो वह अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता था, लेकिन सीधे विरोध में खड़ा होना, वह भी बिना स्पष्ट जनसंदेश के यह दर्शाता है कि विपक्ष मुद्दों को समझने और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करने में चूक कर रहा है। इसका प्रभाव विशेष रूप से महिला मतदाताओं पर पड़ा, जिन्होंने इसे अपने अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा और इसी का राजनीतिक लाभ भाजपा ने अपनी रणनीति के माध्यम से उठाया। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी आत्मसमीक्षा और सुधार की क्षमता रही है। हार के बाद भी वह अपने संगठन, नेतृत्व और रणनीति में बदलाव करती है, जिससे वह और अधिक मजबूत होकर सामने आती है। इसके विपरीत, विपक्ष अक्सर अपनी हार के कारणों को बाहरी परिस्थितियों में खोजता है, जिससे वह अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में असफल रहता है। राजनीति में परिपक्वता का अर्थ है हार को स्वीकार करना, उससे सीखना और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाना, लेकिन इस दिशा में विपक्ष को अभी लंबा रास्ता तय करना है। विपक्षी गठबंधन के भीतर सबसे बड़ा संकट हितों का टकराव है, जहां हर दल अपने क्षेत्रीय आधार को मजबूत करने की कोशिश करता है और इसी प्रक्रिया में वह अपने सहयोगी दलों से भी प्रतिस्पर्धा करने लगता है। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ चलते हैं और अंततः यही स्थिति बिखराव को जन्म देती है। जब तक गठबंधन के भीतर स्पष्ट भूमिका निर्धारण, न्यूनतम साझा कार्यक्रम और नेतृत्व की स्वीकृति नहीं होगी, तब तक यह टकराव समाप्त नहीं होगा। विपक्षी दलों की यह नाकामी केवल रणनीतिक कमजोरी नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की मंशा और प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जब विपक्ष जनहित के मुद्दों को छोड़कर सत्ता प्राप्ति के लिए अवसरवादी गठजोड़, भ्रामक प्रचार और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेता है, तब वह अपनी नैतिक विश्वसनीयता खो देता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व जनभावनाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करना और सरकार को सही दिशा में प्रेरित करना है, न कि केवल विरोध के लिए विरोध करना। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपने आचरण और दृष्टिकोण में सुधार लाए, सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित राजनीति को पुनर्जीवित करे तथा जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करे। तभी भारतीय लोकतंत्र वास्तविक अर्थों में मजबूत और संतुलित बन सकेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वयं को पुनर्गठित करे, अपनी वैचारिक स्पष्टता स्थापित करे और जनता के सामने एक सकारात्मक एवं ठोस विकल्प प्रस्तुत करे। केवल विरोध की राजनीति अब पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण और व्यवहारिक समाधान भी आवश्यक हैं। आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक करने के बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाना होगा और जनता के बदलते मिजाज को समझते हुए अपनी रणनीति को नया स्वरूप देना होगा। भारतीय राजनीति एक ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां मतदाता अधिक सजग और निर्णायक हो चुका है। ऐसे में गठबंधन की राजनीति को केवल संख्या के खेल से आगे बढ़कर विश्वास, समन्वय और स्पष्टता की नींव पर खड़ा होना होगा। बिखराव केवल राजनीतिक शक्ति को ही कमजोर नहीं करता, बल्कि लोकतंत्र के संतुलन को भी प्रभावित करता है। अंततः राजनीति में वही सफल होता है जो समय के साथ सीखता है, बदलता है और स्वयं को बेहतर बनाता है। ल्हार को पचाना और उससे सीख लेनाङ्क केवल एक कहावत नहीं, बल्कि सफल राजनीति का मूलमंत्र है, जिसे भाजपा ने बार-बार सिद्ध किया है और अब विपक्ष के सामने भी यही चुनौती है कि वह इस मूलमंत्र को अपनाकर अपने बिखराव को शक्ति में बदल पाए या फिर आंतरिक संघर्षों में उलझकर अपनी प्रासंगिकता खोता जाए। -ललित गर्ग



# क्या खास कारण हैं मिडल क्लास की आर्थिक तंगी के

**डा. वरिन्द्र भाटिया**

भारतीय समाज में मिडल क्लास लोगों की हर वक्त आर्थिक हालत तंग रहना एक आम बात हो गई है। उनकी इस तंगी के लिए महंगाई के अलावा उनकी खुद की गलतियां भी जिम्मेदार हो सकती हैं। ये कौन-सी गलतियां हैं, जो उनकी पैसों की तंगी खत्म नहीं होने देतीं? सबसे पहले तो मिडल क्लास की सबसे बड़ी दिक्कत पैसा कम कमाना नहीं, बल्कि कमाए हुए पैसे को गलत जगह फंसाना है। इनकी पहली गलती है दिखावे पर खर्च करना। महंगा फोन, कर्जे पर बड़ी गाड़ी, महंगी शादी, टौरबाजी पर खर्चा इत्यादि ये सब समाज को दिखाने के लिए लिया जाता है। लोन की किस्त भरते-भरते कई साल निकल जाते हैं और कुछ भी पास नहीं बचता। बुद्धिमान लोग पहले आमदनी के जरिए बनाते हैं, फिर उससे लाइफस्टाइल खरीदते हैं। मिडल क्लास उल्टा करती है, यह क्लास पहले लाइफस्टाइल बनाती है, फिर जिंदगी भर उसकी लागत चुकाती है। दूसरी गलती है एक ही इंकम सोर्स पर टिके रहना। नौकरी गई तो पूरा घर हिल जाता है। साइड इंकम, स्किल, फ्रीलांस, छोटा बिजनैस, इन पर ध्यान नहीं दिया जाता क्योंकि उनके पास इन कामों के लिए 'टाइम नहीं है'। परंतु वैब सीरीज, टी.वी. पर मैच देखने और बेवजह मोबाइल चलाने के लिए, फिजूल की चीजों पर पैसा उड़ाने के लिए टाइम है। मिडल क्लास की तीसरी बड़ी गलती है सेविंग को निवेश समझना। फिक्स डिपॉजिट, सेविंग अकाऊंट, या सोना लॉकर में रखकर लगता है पैसा सेफ है। यह बुरा नहीं है, पर महंगाई 6 प्रतिशत है और फिक्स डिपॉजिट 7 प्रतिशत दे रहा है। टैक्स काटकर रिटर्न नैगेटिव हो जाता है। इस तरह पैसा बढ़ता नहीं, धीरे-धीरे घटता है। हो सकता है इक्विटी, रियल एस्टेट, स्किल में पैसा लगाने का डर मिडल क्लास को कमजोर रखता हो। चौथी गलती है इंश्योरैंस और एमरजैंसी फंड न रखना। एक मैडिकल बिल या जॉब लॉस सारी सेविंग खा जाता है। फिर पर्सनल लोन, क्रैडिट कार्ड के जाल में फंस जाते हैं। 6 महीने का खर्च अलग रखना और 25 लाख का हैल्थ कवर बेसिक है, पर ज्यादातर लोग इसे टालते हैं। पांचवीं गलती है बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए बेवजह कर्ज लेना। एजुकेशन लोन तो ठीक है, पर प्राइवेट कॉलेज में 40 लाख फीस देकर 30 हजार की नौकरी मिले तो क्या ठीक है? आजकल शादी में दिखावे के लिए जायदाद बेच देना, मोटा कर्ज लेना इत्यादि क्या बुद्धिमता है? छठी गलती है मिडल क्लास में वित्तीय साक्षरता की कमी होना। टैक्स बचाने के लिए बेकार बीमा पॉलिसी ले लेना, दोस्त की सलाह पर शेयर में पैसा फंसाना या कमेटी और चिट फंड में उलझ जाना। हम समझ लें कि पैसा कमाने से ज्यादा जरूरी है पैसे की ठीक तरीके से संभाल करना सीखना, पर स्कूल-कॉलेज में यह कोई ज्यादा सिखाता नहीं। मिडल क्लास के लोग अच्छा कमाने के बाद भी पैसे की दिक्कत में इसलिए रहते हैं क्योंकि इंकम बढने से पहले लाइफस्टाइल बढ़ जाता है। इसे लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन बोलते हैं। पहले 40 हजार कमाते थे तो स्कूटी से काम चलता था, 1 लाख होने पर लगता है कार तो जरूरी है। फिर कार ली तो किस्त आई, पैट्रोल, मेंटेनैंस, पार्किंग का खर्चा अलग। यदि सैलरी बढ़ कर हुई 70 हजार, खर्चा बढ़ गया 95 हजार, तो इससे कुछ भी नहीं सुधरता। आजकल मिडल क्लास के ज्यादातर लोगों को पैसा नियंत्रित करना नहीं आता। पैसा कमाना एक स्किल है और बचाना, इन्वैस्ट करना दूसरी जरूरी स्किल। हम स्कूल-कॉलेज में सब कुछ पढ़ते हैं, पर व्यापार के छात्रों के अतिरिक्त अन्य छात्रों को बजट बनाना, टैक्स सेव करना, एमरजैंसी फंड रखना कोई नहीं सिखाता। ये स्किल्स ज्यादा जरूरी हैं। आर्थिक योजना की कमी के कारण भी अनेक अच्छी सैलरी वाले लोग सोचते हैं कि अभी तो आ रहा है, बाद में बचा लेंगे। पर बचाने वाला कल कभी भी नहीं आता है। असल में मिडल क्लास आर्थिक दृष्टि से कमजोर नहीं, बस उनके पैसे का प्रबंध ठीक नहीं होता। जब तक हम खर्च से पहले निवेश नहीं करेंगे, फिजूल खर्ची से किनारा नही करेंगे, तब तक आथ्र्थक हालत नहीं सुधरेगी।

## सेहत मंत्र

# पेट की समस्या दूर कर आपको स्वस्थ रखता है बेल

पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर बेल गर्मियों में पाया जाने वाला फल है, जिसे अंग्रेजी में बधधद थध्ध्द्यद्ग कहते हैं। बेल एक ऐसा फल है, जो हृदय और मस्तिष्क के लिए सुपर टॉनिक का काम करता है। यह आंतों को हेल्दी बनाए रखता है, जिससे पेट की परेशानियां दूर होती हैं। बेल में टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं। यह रक्तस्त्राव को रोकता है। कच्चा या अधपका बेल भी पाचन के लिए बहुत अच्छा होता है। गर्मी में पके बेल का शरबत बनाकर पीना फायदेमंद होता है। बेल पेट को मजबूत करता है और पाचन क्रिया को बढ़ावा देता है। बेल में एंटी-फंगल और एंटीहेल्मिंटिक गुण भी होते हैं, जो शरीर से आंतरिक परजीवी को बाहर निकालते हैं। आपको दिल की बिमारी है तो दिल खोल कर खाएं ये फल। दिल से जुड़ी बीमारियों से बचाव में सहायक है बेल। खाना नहीं पचता, पेट में गैस ज्यादा बनती हैं या फिर कब्ज की शिकायत है तो बेल का इस्तेमाल कीजिए। बिना दवा के ही आपका पाचन सिस्टम दुरुस्त हो जाएगा। आपको कोलेस्ट्रॉल घटने-बढ़ने की परेशानी है तो आप बेल खाने की आदत डालें। बेल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने में मददगार है। गर्मियों में अक्सर पानी की कमी से दस्त और डायरिया जैसी बीमारियां जोर पकड़ती हैं। आप भी इस मौसम में दस्त या डायरिया से परेशान हैं तो बेल खाएं फायदा होगा। गर्मियों में पाए जाने वाले इस फल की तासीर ठंडी होती है। शरीर में अगर गर्मी हो गई है तो इस फल का सेवन करें। जिन महिलाओं की डिलिवरी गर्मी के दिनों में हो वे बेल खाएं, इससे उनको और उनके शिशु को फायदा होगा। कैंसर जैसी बीमारी का उपचार भी इस फल में छुपा है। आप इसका भरपूर सेवन करें, इससे आपको बड़ी बीमारी होने का खतरा नहीं रहेगा। बेल जहां आपके पेट के लिए फायदेमंद है, वहीं आपका खून साफ करने का काम भी यह करता है।




## धर्म मंत्र

# सेवा परमो धर्मा

तुलसी बाबा कह गये हैं- 'आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। सेवाधरमु कठिन जग जाना।' उन्होंने कहा है तो सोच समझ कर ही कहा होगा। आगे-पीछे का अनुमान लगाकर ही कहा होगा। वास्तव में सेवा जितना सरल दिखती है उतनी होती नहीं। बल्कि यूं कहे कि जो दिखती है वह सेवा होती ही नहीं। कहा तो यह भी गया है कि सेवा से चित्त निर्मल होता है पर मेरा मत हैं कि निर्मल चित्त से ही सेवा होती है। चित्त निर्मल हो तो मन-मस्तिष्क में करुणा, मैत्री, समता के अतिरिक्त कुछ शेष रहता ही नहीं। सब अपने। न कोई बैरी, न ही बेगाना। सामने वाली की पीड़ा अपनी हो जाती है। ऐसे में सेवा करते समय मन में किसी 'बेचारे' पर दया करने का भाव उत्पन्न ही कैसे हो सकता। सेवा तभी है जब हम अपने संसाधनों को दरिद्र नारायण (साध संगत) को भोग लगाकर पवित्र करने के भाव से करे। लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है इसीलिए तो कहा गया है, 'सेवा-धर्मः परम गहनो योगिना मप्यगम्यं' अर्थात सेवा-धर्म बहुत कठिन है। यह तो योगियों के लिए भी बहुत कठिन है। यही बात तुलसी बाबा भरत जी के मुख से कहलाते हैं- सिर भर जाउं उचित अस मोरा। सब तें सेवक धरमु कठोरा।। ऐसे में एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि हर व्यक्ति में योगियों वाला भाव नहीं हो सकता। हर हृदय में सबके प्रति स्नेह, संवेदना, अपनत्व नहीं हो सकता तो क्या उनके द्वारा उपलब्ध कराई सेवा को सेवा नहीं माना जाना चाहिए? यदि ऐसा है तो हर आपदा के समय जो कुछ किया जाता है वह क्या है? मेले, सत्संग, समागम के समय जो शिविर लगते हैं वे क्या है? वहां भी तो बैनर टंगे हैं कि यह कार्य 'फला संस्था अथवा व्यक्ति की ओर से किया जा रहा है'। आज ही क्यों प्राचीन काल में बने सड़क के किनारे, प्याऊ, कुएं , धर्मशाला आदि होते थे अक्सर वहां भी उसे स्थापित करने का नाम होता था।

## पर्यटन



# ग्रेट बैरियर रीफ पर मंडरा रहा संकट ग्लोबल वॉर्मिंग से बढ़ रही कोरल ब्लीचिंग

लॉकडाउन की वजह से भले ही प्रदूषण कम हो गया है और मौसम में बदलाव आया हो लेकिन तापमान अभी भी काफी बढ़ रहा है। बढ़ते तापमान का सबसे ज्यादा असर ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ में समुद्र को हो रहा है। जी हां, ऑस्ट्रेलियाई पारिस्थितिकी में अहम स्थान रखने वाले विश्व के सबसे बड़े प्रवाल भित्ति 'ग्रेट बैरियर रीफ' पर बढ़ते तापमान की वजह से अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। दरअसल, लगातार बढ़ते हुए तापमान के कारण यहां काफी हानिकारक कोरल ब्लीचिंग हो रही है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अब तक गंभीर ब्लीचिंग से बची प्रवाल भित्तियों की संख्या लगातार घटती जा रही है। बता दें कि ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया के सुदूर उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में स्थित है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले 5 सालों में 2300 कि.मी. रीफ सिस्टम में तीसरी विशाल ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इस रीफ ब्लीचिंग का पता 1998 में चला था। परेशानी की बात तो यह है कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण कोरल ब्लीचिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है कि उसे ठीक होने का भी समय नहीं मिल पा रहा है। कोरल अपने एल्गी (शैवाल) निष्कासित करते हैं, जो उनके टिश्यूज (ऊतकों) में रहते हैं। इन एल्गीज के न रहने पर कोरल्स का चमकदार रंग रंगहीन हो जाता है। समुद्र के तापमान में बदलाव के कारण स्वस्थ कोरल तनावग्रस्त हो जाते हैं, जिसकी वजह से कोरल ब्लीचिंग होती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि कोरल ब्लीचिंग गर्मियों में समुद्र के तापमान में वृद्धि के कारण पैदा होने वाले थर्मल तनाव के कारण होती है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले पांच वर्षो में 2300 किमी रीफ सिस्टम में तीसरी गंभीर ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इसके बारे में वर्ष 1998 में पता चला था। रिकॉर्ड के बताते हैं कि यह साल सबसे गर्म रहा था। बढ़ते तापमान के कारण इसके तीनों क्षेत्र - मध्य, उत्तरी व अब दक्षिणी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

# रुदौली वापसी, बाराबंकी को लखनऊ मंडल में शामिल करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा एवं महामंत्री रामप्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी बाराबंकी को सौंपकर जनपद बाराबंकी को अयोध्या मंडल के स्थान पर लखनऊ मंडल में शामिल किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि बाराबंकी से लखनऊ मंडल की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है, जबकि अयोध्या मंडल की दूरी करीब 100 किलोमीटर पड़ती है। ऐसे में अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को न्यायिक कार्यों के लिए अयोध्या आने-जाने में काफी समय और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बार एसोसिएशन ने कहा कि लंबी दूरी के कारण अधिवक्ताओं और वादकारियों का अधिकांश समय यात्रा में ही व्यतीत हो जाता है, जिससे कई बार नियत तिथियों पर कार्य निष्पादित नहीं हो पाता। इससे आमजन को सुलभ न्याय मिलने में भी कठिनाई उत्पन्न होती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिला बार एसोसिएशन की आमसभा द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। अधिवक्ताओं ने जनहित एवं न्यायिक सुविधा को देखते हुए बाराबंकी को लखनऊ मंडल में शामिल किए जाने की मांग दोहराई है। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि शासन स्तर पर उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

# कांशीराम कॉलोनी में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर दर्जनों मरीजों को मिला नि:शुल्क उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। चिकित्सा की प्राचीन एवं प्रभावी पद्धति आयुर्वेद के जनहित में प्रचार-प्रसार तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांशीराम कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में एक विशेष आयुर्वेदिक आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर, बाराबंकी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने जोड़ों के दर्द, मधुमेह (शुगर), पेट संबंधी रोग, खांसी, एसिडिटी, सिरदर्द तथा त्वचा रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की गईं।



स्वास्थ्य शिविर में कुल 49 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें 16 वृद्धजन एवं 33 अन्य आयु वर्ग के लोग शामिल रहे। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को सहज और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिविर के दौरान स्टाफ नर्स श्रीमती सरोज शुक्ला एवं वार्ड बॉय राजेंद्र प्रसाद ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग प्रदान किया। स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की मांग की।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक की संदिग्ध मौत, मां ने लगाया हत्या का आरोप

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के बसारा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। मृतक की मां ने पत्नी और ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने तथा शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार बसारा गांव निवासी मोहित की करीब छह वर्ष पूर्व सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर निवासी निशा से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों का एक चार वर्षीय पुत्र कार्तिकेय भी है। बताया गया कि बुधवार शाम किसी बात को लेकर मोहित और उसकी पत्नी निशा के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद निशा ने अपने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया। मृतक की मां का आरोप है कि रात में पत्नी और उसके परिजनों ने मिलकर मोहित की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को कमरे में पंखे से लटका दिया। सुबह जब मां ने कमरे में बेटे का शव लटका देखा तो वह बेसुध हो गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कृष्णाकांत सिंह ने बताया कि मृतक की मां ने पत्नी और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बुढ़वल स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई: ट्रेन से 9 नाबालिग बच्चे

### बरामद, बाल मजदूरी व मानव तस्करी की आशंका

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट बुढ़वल ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन संख्या 15211/15212 से नौ नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बरामद किया। बच्चों के बाल मजदूरी अथवा मानव तस्करी के उद्देश्य से बाहर ले जाए जाने की आशंका जताई जा रही है। कार्रवाई के बाद बच्चों को संरक्षण में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट बुढ़वल, संवाद सामाजिक संस्था लखनऊ तथा चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर सघन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान ट्रेन के विभिन्न कोचों की तलाशी के दौरान नौ बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में गैलरी में बैठे मिले। बच्चों के साथ कोई अभिभावक मौजूद नहीं था और वे काफी घबराए हुए दिखाई दे रहे थे। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं और रोजगार की तलाश में घर से निकले थे। टीम को बच्चों के जवाब संदिग्ध लगे, जिसके बाद उन्हें ट्रेन से उतारकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। जांच में सभी बच्चों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच पाई गई। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्चों के बाल मजदूरी या बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में ले जाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बच्चों से गहन पूछताछ कर उनके परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी बच्चों को काउंसिलिंग और अग्रिम कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी के सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी ट्रेन या स्टेशन पर नाबालिग बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में दिखाई दें तो तत्काल रेलवे हेल्पलाइन या आरपीएफ को सूचना दें, ताकि मानव तस्करी और बाल मजदूरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## शहरों के सुनियोजित विकास पर डीएम सख्त: अवैध प्लाटिंग रोकें, नगर निकाय बढ़ाएं अपनी आय

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने नगर निकायों को विकास कार्यों में तेजी लाने, शहरों के सौन्दर्यीकरण और राजस्व वृद्धि के लिए नवाचार अपनाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने स्पष्ट कहा कि अवैध प्लाटिंग, अतिक्रमण और खराब स्वच्छता व्यवस्था किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में नगर निकायों की राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, तालाब संरक्षण, अतिक्रमण हटाने, सड़क व नाली निर्माण तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकाय अपनी आय बढ़ाने के लिए नए स्रोत विकसित करें। खाली भूमि चिन्हित कर दुकानों का निर्माण कराया जाए और उन्हें किराये पर देकर स्थायी आय के साधन तैयार किए जाएं।

उन्होंने कहा कि शहरों के सुनियोजित विकास के लिए विनियमित क्षेत्र और नगर पालिका परिषद आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शहर के प्रवेश द्वारों को आकर्षक स्वरूप देने, ऐतिहासिक भवनों पर फसाड लाइटिंग कराने और प्रमुख चौराहों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने नगर निकायों को थीमेटिक पार्क विकसित करने और मोहल्लों की बची गलियों के निर्माण व मरम्मत के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें।

स्वच्छता और नाला सफाई पर विशेष जोर

स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाली प्लॉट या सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा जमा नहीं होना चाहिए। स्वच्छ सर्वेक्षण में जिले की रैंकिंग सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया।

आगामी बरसात को देखते हुए डीएम ने माह के अंत तक नालों की प्रथम चरण की सफाई पूरी कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और आमजन से गुणवत्ता संबंधी फीडबैक लेने पर भी जोर दिया।

निर्माण कार्यों में लापरवाही पर लगेगा जुर्माना

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरी कराई जाएं। निर्माण एजेंसियों से कार्य पूर्ण करने की लिखित समयसीमा ली जाए और देरी होने पर नियमानुसार जुर्माना वसूला जाए।

बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना और शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में एडीएम (वि/रा) निरंकार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## निंदूरा ब्लॉक पहुंचे डीएम, आरओ प्लांट का लोकार्पण कर योजनाओं की परखी हकीकत

### चारा-दानदाताओं का सम्मान

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को निंदूरा ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से करीब साढ़े चार लाख रुपये की लागत से स्थापित आरओ एवं शीतल जल मशीन का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक कार्यालय और उमरा औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों, निर्माण गुणवत्ता और जनसमस्याओं की समीक्षा की। ब्लॉक परिसर में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थापना, लेखा-वित्त, मनरेगा, समाज कल्याण, कृषि एवं पशुपालन समेत विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली देखी। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में बताया गया कि स्वीकृत आठ आवासों में छह पूर्ण हो चुके हैं, जबकि दो निर्माणाधीन हैं। मनरेगा कार्यों के तहत मजदूरी भुगतान और जॉब कार्ड की स्थिति की जानकारी भी उन्होंने अधिकारियों से ली। समाज कल्याण विभाग के सत्यापन कार्यों की प्रगति पूछने के साथ ही डीएम ने ब्लॉक परिसर से गौशालाओं के लिए भेजी जा रही भूसे की छह गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भूसा दान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# शालीमार सनसनीखेज चोरीकांड का खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर के पॉश इलाके शालीमार पैराडाइज में बंद मकान में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात, एक लाइसेंसी पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस, 14.85 लाख रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त ऑडी कार बरामद की गई है।


मामला 1 मई को सामने आया था, जब सी-05 शालीमार पैराडाइज निवासी अजय कुमार सिंह ने तहरीर देकर बताया कि परिवार सहित बाहर रहने के दौरान उनके घर का लॉकर तोड़कर नकदी, जेवरात और लाइसेंसी पिस्टल चोरी कर ली गई।



पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट, सर्विलांस और कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर घटना का खुलासा किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आकर्ष सिंह उर्फ यश, ऋत्विक यादव, अनुराग कथूरिया उर्फ अरमान, ऋषि कुमार सोनी उर्फ चन्दन और पृथ्वी प्रताप सिंह उर्फ ओम शामिल हैं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा जैदपुर, भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत क्षेत्र के पावर हाउस स्थित बाबा आनंदेश्वर मंदिर से गुरुवार को ऊंट-घोड़े, बैंड-बाजे और भगवा ध्वजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नेतृत्व सेवादार श्री अर्जुन कश्यप, गुडान पाठक, नयन स्टूडियो, भाजपा नेता राजन बक्सोर, दीपक निगम व नामित सभासद मन्नू गुप्ता समेत अन्य भक्तगणों ने किया।

शोभायात्रा में बच्चों और महिलाओं ने भगवा वस्त्र धारण कर ल्लजय श्रीरामङ्क और ल्लजय हनुमानङ्क के जयघोष के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा थाना चौराहा, सिनेमा हॉल, बड़ी बाजार, चमरहिया होते हुए विश्व प्रसिद्ध श्री दुर्गा जी मंदिर बीबीपुर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा पुनः बाबा आनंदेश्वर धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं द्वारा भक्तों का अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विश्व परिषद महामंत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, मंडल मंत्री जितेंद्र वर्मा, रामविलास वर्मा, श्याम कुमार जायसवाल, धीरज जायसवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जनगणना-2027 की डिजिटल शुरुआत, जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक ने खुद भरी जानकारी

बाराबंकी। जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना अभियान की शुरुआत गुरुवार को बाराबंकी में उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर डिजिटल जनगणना प्रक्रिया में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि स्व-गणना व्यवस्था से नागरिकों को घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलेगी, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनेगी। इस दौरान प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, सदर विधायक धर्मराज यादव, रामनगर विधायक फरीद महफूज़ किदवई, जैदपुर विधायक गौरव रावत तथा नगर पालिका परिषद नवाबगंज की चेयरमैन शीला सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना पूरी की।

# महिला आयोग सदस्य का औचक निरीक्षण, अस्पताल में हड़कंप, स्पष्टीकरण मांगा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। बिना पूर्व सूचना अस्पताल पहुंचीं आयोग सदस्य ने ओपीडी, लैब, वैक्सीन कक्ष, टीबी वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में डॉ. मनोज वर्मा तीन दिनों से बिना सूचना अनुपस्थित मिले। वहीं महिला चिकित्सक डॉ. सुनीता दोहरे, बीएम जगप्रसाद और बीपीसीएम चांदनी के अनुपस्थित रहने पर आयोग सदस्य ने स्पष्टीकरण तलब किया।

अंजू प्रजापति ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से बातचीत कर इलाज और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में समय से दवाएं मिल रही हैं और किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जाती।

इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधेश्याम गौड़, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. आरके वर्मा, रोहित राय और अनुपम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


पंचायत लाइब्रेरी और प्रशिक्षण केंद्र की भी सराहना

अस्पताल निरीक्षण के बाद महिला आयोग सदस्य ने पंचायत भवन बड़ागांव में संचालित लाइब्रेरी का जायजा लिया। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। बताया गया कि इसी लाइब्रेरी से पढ़ाई कर चुके आठ छात्र सरकारी नौकरियां प्राप्त कर चुके हैं।

उन्होंने पंचायत भवन में चल रहे इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया और युवाओं से स्वरोजगार योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। पंचायत भवन के बेहतर संचालन और रखरखाव की सराहना करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिलने पर नाराजगी जताई।

इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, सीएचओ सोनम, एएनएम लक्ष्मी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्कूली वैन बनी मौत का जाल: दूध पिकअप से भीषण भिड़ंत, चालक समेत 4 मासूम ट्रामा सेंटर रेफर





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा और वाहनों की नियमित जांच के सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद बाराबंकी में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। स्थानीय परिवहन विभाग की उदासीनता के चलते स्कूल वाहनों में ओवरलोडिंग, फिटनेस की अनदेखी और सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बताते चलें कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी वैन और दूध लदे पिकअप वाहन की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे में चार बच्चों की हालत गंभीर होने पर पहले सीएचसी, फिर जिला अस्पताल और बाद में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। दुर्घटना के समय वैन में क्षमता से अधिक करीब 14 लोग सवार थे, जिससे हादसे के बाद अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

घटना थाना क्षेत्र के बकैड़ा मोड़ के पास उस समय हुई, जब टेढ़ी पुलिया स्थित गुरु कृपा पब्लिक स्कूल की वैन सुबह बच्चों को लेकर स्कूल लौट रही थी। बताया गया कि वैन सुल्तानापुर और झबरापुर गांव से बच्चों को लेकर वापस आ रही थी। इसी दौरान सूरतगंज से सुढ़ियामऊ की ओर जा रहे दूध वाहन (पिकअप) से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर बच्चों की चीख-पुकार गूंज उठी। राहगीरों ने किसी तरह क्षतिग्रस्त वैन से बच्चों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया।

हादसे में घायल बच्चों में हिमांशु (10), प्रतीक (9) पुत्रगण मुनीश चंद्र, आयुषी वर्मा (5) पुत्री सत्येंद्र कुमार, युग मौर्य (8) पुत्र नेकराम, पुष्पेंद्र कुमार (12) पुत्र सतीश कुमार, शंशाक (8) व सुधांशु (7) पुत्रगण सतीश कुमार निवासी सुल्तानापुर, अंबिका वर्मा (6) पुत्री सुशील कुमार, दीपा (13) पुत्री अखिलेश कुमार, शिवानी (13), शिखा (7) पुत्रियां संजय कुमार, पलक (12) पुत्री अखिलेश निवासी झबरापुर तथा चालक तिलकराम (28) निवासी हाफिजपुर शामिल हैं।

डॉक्टर रिजवान शेख के अनुसार चालक तिलकराम, अंबिका वर्मा, पुष्पेंद्र और शंशाक के पैरों में गंभीर फ्रैक्चर पाए गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार घटना की जानकारी

मिलते ही अतिरिक्त इंस्पेक्टर वीर सिंह और चौकी इंचार्ज उमेश वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दूध वाहन को कब्जे में ले लिया। उधर जैसे ही हादसे की सूचना अभिभावकों को मिली, अस्पताल में भारी भीड़ जुट गई। खून से लथपथ बच्चों को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

''सुरक्षा निर्देश हवा-हवाई, ओवरलोड स्कूली वाहन बने खतरा''

फतेहपुर तहसील क्षेत्र में लगातार सामने आ रही दुर्घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीर नहीं हैं। गुरुवार का हादसा एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और स्कूली वाहनों की अनियंत्रित व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर गया है।





# दिल्ली के बल्लेबाजों के सामने वरूण और नारायण की चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जायेगा। समझा जाता है कि वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिये दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाये थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6 . 80) और वरूण ( इकॉनॉमी रेट 8 . 88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करूण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है। दिल्ली के लिये कुलदीप यादव का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है जो दस मैचों में दस से ऊपर की इकॉनॉमी रेट से सात ही विकेट ले सके हैं। ऐसे में बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर खेलने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। इससे खराब फॉर्म से जूझ रहे मेजबान बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने का मौका मिलेगा। बाद में मिचेल स्टार्क और लुंगी एंगिडि से गेंदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। दूसरी ओर केकेआर का शीर्षक्रम भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (131.42 की स्ट्राइक रेट से 205 रन) और अंगकृष रघुवंशी (137.43 की स्ट्राइक रेट से 268 रन) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। रिंकू सिंह (145.39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन ) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है। दिल्ली के लिये केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं लेकिन दूसरी ओर अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे बल्लेबाज 200 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। निसांका पर टीम प्रबंधन का लगातार भरोसा समझ से परे है जो नौ मैचों में 228 रन ही बना सके हैं।




# अहमदाबाद करेगा विश्व योगासन चैंपियनशिप के पहले संस्करण की मेजबानी

एजेंसी

अहमदाबाद। वैश्विक योगासन आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत 4 से 8 जून तक गुजरात के अहमदाबाद स्थित ट्रांसस्टेडिया में 'विश्व योगासन चैंपियनशिप' के पहले संस्करण की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी होगी। 'वर्ल्ड योगासन' के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप की मेजबानी 'योगासन भारत' द्वारा की जाएगी। इसका उद्देश्य दुनिया भर के प्रमुख एथलीटों को एक साथ लाना और एक मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में योगासन को बढ़ावा देने में भारत की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करना है। यह आंदोलन एक ऐसा आधार तैयार करना चाहता है जिससे वैश्विक स्तर पर बहु-खेल आयोजनों में इस खेल को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो सके, जिसमें इसके ओलंपिक खेल बनने की प्रबल संभावना है। तैयारियों के हिस्से के रूप में, भारतीय राष्ट्रीय योगासन टीम के आधिकारिक चयन ट्रायल 1 और 2 मई को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र, सोनीपत, हरियाणा में आयोजित किए गए थे। एथलीटों ने पारंपरिक, कलात्मक, लयबद्ध और एथलेटिक योगासन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। चयनित एथलीट अब 10 मई से 2 जून तक नारायणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अहमदाबाद में राष्ट्रीय कोचिंग कैंप में भाग लेंगे। इस अवसर पर योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा, ''पहली बार विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करना इस खेल के लिए एक निर्णायक क्षण है। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का यह विजन है कि योगासन खेल के माध्यम से योग को विश्व स्तर पर युवाओं तक पहुँचाया जाए, ताकि यह दुनिया भर के कई बहु-खेल आयोजनों में गूँजे और इसके ओलंपिक खेल बनने की उच्च संभावना बनी रहे। हमने एक मजबूत प्रतिस्पर्धी इकोसिस्टम तैयार किया है, और अब योगासन वैश्विक मंच के लिए तैयार है। भारत को इस आंदोलन का नेतृत्व करने पर गर्व है। योगासन, योगमय जीवन शैली का प्रवेश द्वार है। विश्व योग चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, वर्ल्ड योगासन और योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने कहा, ''सोनीपत में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान देखी गई भागीदारी और प्रतिभा का स्तर पूरे भारत में योगासन के जबरदस्त विकास को दर्शाता है। यह चैंपियनशिप एथलीटों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी और खेल की वैश्विक मान्यता और विकास को और तेज करेगी। 'वर्ल्ड योगासन' द्वारा विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और शासित यह खेल, योग के अनुशासन को एथलेटिक प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ जोड़ता है। इसमें प्रदर्शन का मूल्यांकन सटीक नियमों के तहत सटीकता, संतुलन, लचीलापन, नियंत्रण, स्थिरता और कठिनाई के स्तर के आधार पर किया जाता है। इस जून में अहमदाबाद में दुनिया भर के एथलीटों, अधिकारियों और संघों के जुटने के साथ, यह चैंपियनशिप खेल उत्कृष्टता और भारत की योग विरासत का एक ऐतिहासिक उत्सव होने का वादा करती है।

# सुपर रैपिड और ब्लिट्ज : गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

एजेंसी


वारसा, सात मई (भाषा) डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फ़ेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फ़ेबियानो कारूआना , जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिये मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। रैपिड मुकाबले में उन्होंने चाल दर चाल सिंदारोव को कड़ी चुनौती दी। दोनों इस दौर से पहले अपने पिछले मुकाबले हार चुके थे। गुकेश को पोलैंड के राडोस्लाव वोज्ताशेक ने हराया जबकि सिंदारोव को अमेरिका के वेसले सो ने मात दी। गुकेश ने 52 चालों के बाद जीत दर्ज की।



# तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-2: भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर महिला रिकर्व टीम फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

शंघाई। भारत के लिए तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-2 में गुरुवार का दिन मिला-जुला रहा। भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर देश के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया, जबकि पुरुष टीम को बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और युवा खिलाड़ी कुमकुम मोहोड की भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में नई कोरियाई टीम को 5-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का सामना रविवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन से होगा। वहीं पुरुष रिकर्व टीम के लिए दिन बेहद खराब रहा। अनुभवी तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और यशदीप भोगे की तिकड़ी बांग्लादेश के खिलाफ एक भी सेट जीतने में नाकाम रही और 2-6 से हारकर बाहर हो गई। हालांकि भारतीय महिला टीम ने पूरे दिन शानदार संयम दिखाया और लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने जोरदार शुरुआत की। टीम ने छह तीरों में चार बार 10 अंक हासिल किए और सिर्फ दो अंक गंवाते हुए पहला सेट 58 अंकों के साथ अपने नाम किया। कोरियाई टीम दबाव में नजर आई और एक 8 लगाने के कारण सिर्फ 55 अंक बना सकी। दूसरे सेट में भारत ने एक 8 लगाया, लेकिन फिर भी मुकाबला 56-56 से बराबरी पर समाप्त हुआ और भारत ने 3-1 की बढ़त बना ली। मैच जीतने के लिए सिर्फ दो अंकों की जरूरत होने पर भारतीय टीम ने तीसरे सेट में फिर 58 अंक बनाए, जबकि कोरिया दबाव में सिर्फ 56 अंक ही बना सका। इसके साथ ही भारत ने यादगार जीत दर्ज करते हुए सीधे सेटों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। हालांकि यह जीत अपेक्षाकृत अनुभवहीन कोरियाई टीम के खिलाफ आई, जिसे जापान में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के तहत उतारा गया था। कोरियाई टीम में ली यूनजी और ओह येजिन जैसे दो नए खिलाड़ी शामिल थे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन कंग चेयॉन्ग ही टीम की अनुभवी तीरंदाज थीं।




# बायर्न म्युनिख से ड्रॉ के बाद पेरिस सेंट जर्मेन चैम्पियंस लीग फाइनल में

म्युनिख। पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैम्पियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

# पाकिस्तान दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, खेलेगी तीन वनडे मैचों की सीरीज

एजेंसी

इस्लामाबाद। ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 30 मई को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा वनडे मुकाबला क्रमशः 2 जून और 4 जून को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित होगा। ऑस्ट्रेलिया ने इसी साल जनवरी में पाकिस्तान का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली गई थी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अपने सभी ग्रुप मुकाबले भी पाकिस्तान में खेले थे, हालांकि इनमें से दो मैच बारिश के कारण धुल गए थे। इस वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के नहीं खेलने की संभावना है। कप्तान पैट कमिंस समेत कुछ खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त रहेंगे, क्योंकि यह सीरीज आईपीएल के अंतिम चरण से टकरा रही है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि आईपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अपने फ्रेंचाइजी अनुबंध पूरे करने की अनुमति दी जाएगी। भारत के खिलाफ पिछले साल अक्टूबर में घरेलू वनडे सीरीज खेलने के बाद यह ऑस्ट्रेलिया की पहली वनडे सीरीज होगी। पाकिस्तान दौरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 9 जून से बांग्लादेश दौरे पर जाएगी, जहां वह सभी प्रारूपों की सीरीज खेलेगी। वहीं, पाकिस्तान टीम हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1 से हार चुकी है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) समाप्त होने के बाद टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए फिर से बांग्लादेश दौरे पर जाएगी।




# पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से टकराव के बावजूद आईपीएल के लिए रुकेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

एजेंसी

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि कप्तान पैट कमिंस सहित उसके खिलाड़ियों को आईपीएल 2026 में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने की स्वीकृति मिलेगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए छूट दी जाएगी। आईपीएल का लीग चरण 24 मई को संपन्न होगा जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम है जो आईपीएल का अंतिम चरण होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''हां, हमें सूचना मिली है कि हमारी टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल के लिए रुकेंगे। कप्तान कमिंस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी सनराइजर्स की टीम का हिस्सा हैं। हैदराबाद की टीम अभी 14 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर चल रही है और प्ले ऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार है। आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ी जोश हेजलवुड, टिम डेविड (दोनों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस (दोनों लखनऊ सुपर जाइंट्स), जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, कूपर कोनोली (तीनों पंजाब किंग्स), मैथ्यू शॉर्ट (चेन्नई सुपरकिंग्स), मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और कैमरन ग्रीन (कोलकाता नाइट राइडर्स) हैं। इनमें से अगर दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाते हैं तो ग्रीन और स्टार्क लीग चरण के बाद आईपीएल छोड़कर जा सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स अभी 10 मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि नाइट राइडर्स नौ मैच में सात अंक के साथ आठवें पायदान पर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं क्योंकि वे नौ मैच में सिर्फ चार अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मजबूत बल्लेबाजी को देखते हुए आईपीएल में गेंदबाजों को बारीकी से तैयारी करनी होती है : फ्रेंक्लिन

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंक्लिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। उन्होंने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 'पूल शॉट' खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई। फ्रेंक्लिन ने मैच के बाद कहा ,'' पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये। खासकर शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों को , विशेष तौर पर पावरप्ले में। फ्रेंक्लिन ने कहा कि सनराइजर्स के गेंदबाजों को मैच से पूर्व फीडबैक से पंजाब के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ रणनीति तैयार करने में मदद मिली। उन्होंने कहा ,'' कई बार आपको वह गेंद फेंकने की जरूरत नहीं होती जिसकी फील्ड अपेक्षा करती है। आपको विरोधी बल्लेबाजों की ताकत और कमजोरियों का ज्ञान होना चाहिये। हमारे गेंदबाजी समूह को फीडबैक मिला था और पंजाब की पारी में हमने उसका इस्तेमाल किया।

### आईपीएल में बल्लेबाजों से आगे रहने के लिये गेंदबाजी में विविधता जरूरी : कृणाल पंड्या

लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने कहा कि आईपीएल में बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिये गेंदबाजों को अपने हुनर में विविधता लानी होगी। पंड्या ने जियोस्टार से कहा ,'' पिछले दस साल से अगर आईपीएल आपने करीब से देखा हो तो समझ में आयेगा कि लीग किस तरह बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन की बानगी बन चुकी है। बल्लेबाजों की बड़े शॉट खेलने की क्षमता भी बदल गई है। नयी पीढी के बल्लेबाज आसानी से चौके छक्के लगा रहे हैं। उन्होंने कहा ,'' एक गेंदबाज के तौर पर मेरा मानना है कि गेंदबाजी में विविधता लानी जरूरी है। बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। ऐसे में बाउंसर्स और यॉर्कर अहम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हेनरिच क्लासेन और श्रेयस अय्यर जैसे शानदार बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हालात को भांपकर उसके अनुकूल ढलने से उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा ,'' मैं हालात के अनुरूप गेंदबाजी करता हूं। कई बार आक्रामक गेंदबाजी की जरूरत होती है तो कई बार रन रोकने होते हैं। मेरा फलसफा सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकने का होता है। कई बार क्रीज पर कोई खतरनाक बल्लेबाज है और आपको विकेट चाहिये तो जोखिम लेना होता है। सब कुछ मैच हालात पर निर्भर करता है।''

### करीब दो साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे तस्कीन अहमद पर कप्तान नजमुल ने जताया भरोसा

**ढाका।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की टेस्ट क्रिकेट में वापसी को लेकर भरोसा जताया है। तस्कीन लगभग दो साल बाद टेस्ट टीम में लौट रहे हैं और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 8 मई से शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। तस्कीन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में भी कोई लंबा प्रारूप मैच नहीं खेला। नजमुल ने यहां गुरुवार को पत्रकारों से कहा, ‟तस्कीन ने बहुत अच्छी तैयारी की है। मौसम खराब होने के कारण तैयारी थोड़ी मुश्किल जरूर रही, लेकिन उन्होंने अपने वर्कलोड को अच्छे तरीके से संभाला और जितनी गेंदबाजी जरूरी थी, उतनी की। उन्होंने कुछ दिन इंडोर में भी अभ्यास किया। वह काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि तैयारी कैसे करनी है। उन्होंने आगे कहा, फिजियो और ट्रेनर से भी काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि तस्कीन इस टेस्ट मैच में अच्छी गेंदबाजी करेंगे। बांग्लादेशी कप्तान ने कहा कि तस्कीन हमेशा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, लेकिन फिटनेस, चोट और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण उन्हें हर बार टीम में शामिल नहीं किया जा सका। नजमुल ने कहा, ‟जब भी तस्कीन टीम में होते हैं, कप्तान के लिए चीजें आसान हो जाती हैं।

# रॉयल एनफील्ड आंध्र में 2,200 करोड़ रुपये के निवेश से विनिर्माण संयंत्र, वेंडर पार्क करेगी स्थापित

एजेंसी

अमरावती। आइशर मोटर्स के स्वामित्व वाली मोटरसाइकिल विनिर्माता कंपनी रॉयल एनफील्ड तिरुपति जिले के सत्यवेदु में एक विनिर्माण इकाई और 'वेंडर पार्क' स्थापित करने के लिए 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कंपनी का तमिलनाडु के बाहर पहला बड़ा विस्तार है।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता वाले राज्य निवेश संवर्द्धन बोर्ड (एसआईपीबी) द्वारा अनुमोदित इस परियोजना से आंध्र प्रदेश के वाहन विनिर्माण परिवेश को मजबूती मिलने और लगभग 5,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''रॉयल एनफील्ड द्वारा आंध्र प्रदेश में 2,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने का निर्णय राज्य के मजबूत औद्योगिक परिवेश, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और निवेशक-अनुकूल नीतियों को दर्शाता है। राज्य सरकार ने आंध्र प्रदेश-तमिलनाडु सीमा के पास सत्यवेदु मंडल के वनल्लुरु और रल्लाकुप्पम गांव में परियोजना के लिए भूमि आवंटित की है। इस संयंत्र से रॉयल एनफील्ड की उत्पादन क्षमता में लगभग नौ लाख इकाई की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे प्रीमियम मोटरसाइकिल विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में भी भारत की स्थिति मजबूत होगी। विनिर्माण इकाई के अलावा, इस परियोजना में एक प्रतिबद्ध वेंडर पार्क भी शामिल होगा, जिसका उद्देश्य कंपनी के आपूर्तिकर्ता तंत्र को आंध्र प्रदेश में लाना और वाहन विनिर्माण संकुल के विकास को गति देना है। परियोजना का पहला चरण 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है, जबकि दूसरा चरण 2032 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# कच्चा तेल फिर 101 डॉलर प्रति बैरल पार

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी स्थिरता देखने को मिल रही है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड करीब 96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.62 डॉलर यानी 0.61 फीसदी की तेज के साथ 101.9 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.65 डॉलर यानी 0.68 फीसदी की उछाल के साथ 95.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले दोनों बेंचमार्क में करीब 8 फीसदी की बड़ी गिरावट आई थी। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका-ईरान वार्ता के सकारात्मक संकेतों और आपूर्ति में सुधार की उम्मीदों के कारण वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में नरमी आई है, जिसमें डब्ल्यूटीआई प्रमुख अमेरिकी बेंचमार्क बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के पावर और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर पर बमबारी पर दो सप्ताह के लिए रोक लगाने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमत में ये गिरावट आई है। ट्रंप ने कहा है कि बोले ईरान के साथ विवादित मुद्दों पर सहमति बनी है।



# चुनावों के दौरान 1440 करोड़ की नकदी, नशीले द्रव्य , उपहार जब्त : चुनाव आयोग

एजेंसी




नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की स्तुएं जब्त की गयी।

आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गयी जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गयी थी। पश्चिम बंगाल में ज़ब्ती में सबसे ज़्यादा 68.92 प्रतिशतकी बढ़ोतरी देखी गई और तमिलनाडु में 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान की तुलना में जब्त नकद और सामान 48.40 प्रतिशत अधिक है। आयोग की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु में इस बार कुल 662.28 करोड़ रुपये की जब्ती की गयी है इनमें 105.22 करोड़ नकद, 4.94 करोड़ रुपये की 137248.53 लीटर शराब, 78.61 करोड़ रुपये नशीले द्रव्य, 165.86 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 307.65 रुपये के उपहार के सामान हैं। पश्चिम बंगाल में कुल जब्ती 573.41 करोड़ रुपये की है जिसमें 31.14 करोड़ रुपये की नकदी , 151.86 करोड़ रुपये मूल्य की 5858648.98 लीटर शराब, 130.28 करोड़ रुपये के नशीले द्रव्य, 69.36 करोड़ रुपये की महंगी धातुएं और 190.77 करोड़ रुपये मूल्य के उपहार के सामान हैं। असम में कुल जब्ती 117.24 करोड़ रुपये की है। इसमें 6.07 करोड़ रुपये की नकदी, 22.71 करोड़ रुपये की 8.28 लाख लीटर शराब, 70.08 करोड़ रुपये के नशीले द्रव्य, 3.68 करोड़ रुपये की महंगी धातुएं और 14.7 करोड़ रुपये के उपहार के सामान हैं। केरल में कुल जब्ती 80.67 करोड़ रुपये की रही जिसमें 12.12 करोड़ रुपये नकद, 2.51 करोड़ रुपये मूल्य की 78.22 हजार लीटर शराब, 58.47 करोड़ रुपये के नशीले दव्य, 2.25 करोड़ रुपये की महंगी धातुएं और 5.33 करोड़ रुपये के उपहार के सामान शामिल हैं। पुड्डुचेरी में कुल 9.72 कोड़ रुपये की जब्ती में 33 लाख रुपये नकद, 39 लाख रुपये की शराब, करीब नौ करोड़ रुपये की महंगी धातुएं और दो लाख रुपये के उपहार के सामान शामिल हैं। आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनावों और 5 राज्यों के 7 रिक्त विधानसभा क्षेत्रों में 15 मार्च को चुनाव कराने की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता लागू कर दी थीं। आदर्श चुनाव संहिता परिणामों की घोषणा के बाद आज से हटा ली गयी है। आयोग ने चुनाव को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से कराने के ठोस प्रबंध किये थे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और उनके सीमावर्ती प्रदेशों के मुख्य सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ कई समीक्षा बैठकें कीं गयी थी।आयोग ने 376 व्यय पर्यवेक्षकों, 7,470 फ्लाइंग स्क्वाड टीमों ) और 7,470 स्टैटिक सर्विलांस टीमों को भी तैनात किया गया था। आयोग ने कहा है कि ये ज़िब्तयां डिजिटल प्लेटफॉर्म - चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) - की मदद से संभव हो पाईं है जिनके माध्यम से सूचनाओं का आदान प्रदान आसान हुआ है। गत 26 फरवरी को इस प्रणाली के चालू किये जाने के बाद से 06 मई तक ज़ब्त की गई कुल सामानों का मूल्य 1444 करोड़ रुपये से अधिक है।

## विधान सभा चुनावों, उपचुनाओं को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटायी गयी, फाल्टा विधान सभा क्षेत्र में अभी पाबंदियां बनी रहेंगी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने विधान सभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुडुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की। आयोग का कहना है कि इन चुनावों और उप चुनावों के परिणाम संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों ने घोषित कर दिए हैं इसलिए इन क्षेत्रों के लिए प्रभावी आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से हटायी जाती है। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि पश्चिम बंगाल राज्य में फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में अभी आचार संहिता लागू रहेगी । आयोग ने वहां 21 मई को दोबारा मतदान कराने का निर्णय लिया है। आयोग की ओर से केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को आयोग के इन निर्णयों की जानकारी दे दी गयी है।

## ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की झलक : बिरला


**नयी दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध भारत का साहसिक एवं सक्रिय प्रतिशोध करार देते हुए कहा है कि सेना के इस ऑपरेशन ने भारत के पराक्रम के साथ स्वदेशी तकनीक और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को दर्शाया। श्री बिरला ने एक्स पर कहा ''भारतीय सेना के असाधारण शौर्य के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर राष्ट्र की रक्षा में समर्पित सैन्य बल के जवानों और अधिकारियों का अभिनंदन। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध भारत का साहसिक एवं सक्रिय प्रतिशोध था। हमने विश्व को दिखा दिया है कि भारत आतंक के हर स्वरूप के विरुद्ध तथा मानवता के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा ''सेना के इस ऑपरेशन ने भारत के पराक्रम के साथ स्वदेशी तकनीक और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी दर्शाया। आज के दिन हमारे सभी जाँबाज़ सैन्यकर्मियों को नमन। देश आपका सदैव कृतज्ञ रहेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर ने त्वरित, सटीक- निर्णायक कार्रवाई से भारत की सुरक्षा नीति में नया अध्याय जोड़ा: सीतारमण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने त्वरित, सटीक और निर्णायक कार्रवाई के साथ भारत की सुरक्षा नीति में एक नया अध्याय जोड़ा है।पहले रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल चुकी श्रीमती सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'' ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे सशस्त्र बलों के साहस, राजनीतिक संकल्प की दृढ़ता और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बाद भारत ने आज ही के दिन पाकिस्तान में आतंकवाद दी ठिकानों पर नपा-तुला हमला किया था। उसके बाद पाकिस्तान की सेनाओं के अंधाधुंध हमले के खिलाफ भारतीय वायु सेवा ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को पंगु बना दिया था और उसके कई सैनिक ठिकानों को बर्बाद कर दिया था और 10 में को पाकिस्तान की ओर से युद्ध विराम के अनुरोध पर कार्रवाई रोक दी थी लेकिन सरकार ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं किया गया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि यह दिन हमारे राष्ट्र की रक्षा करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि है और यह स्मरण दिलाता है कि भारत अपनी शांति और संप्रभुता को खतरे में डालने वालों के खिलाफ हमेशा दृढ़ खड़ा रहेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीक: राजनाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा है कि इसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है।

श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा, ऌ ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर हम अपने सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं, जिनका साहस और समर्पण निरंतर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इस अभियान के दौरान उनके कार्यों ने अद्वितीय सटीकता, सेवाओं के बीच निर्बाध संयुक्तता और गहरे समन्वय का परिचय दिया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का एक सशक्त प्रतीक है, जो दर्शाता है कि हमारे सशस्त्र बल हर महत्वपूर्ण क्षण में निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार हैं। यह भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रगति का भी प्रमाण है, जो क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय दृढ़ता को भी सुदृढ़ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए पिछले वर्ष आज के दिन ही ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों को एक सबक है कि भारत अब खामोश नहीं रहेगा: भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का प्रतीक बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन करते हुए कहा है कि यह आतंकवादियों को एक सबक है कि भारत अब खामोश नहीं रहेगा। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को सिलसिलेवार पोस्ट कर भारतीय सेना के जांबाजों को नमन किया। भाजपा ने एक्स पर लिखा, ''वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिंद! एक अन्य पोस्ट में भाजपा कहा, ''जैसे ही हम ऑपरेशन में अपने सशस्त्र बलों की वीरता का सम्मान करते हैं, आइए 'मेड इन इंडिया' युद्ध इकोसिस्टम पर एक नज़र डालें, जिसने युद्ध के मैदान में 'आत्मनिर्भर भारत' की ताकत का प्रदर्शन किया।''

# टाइप-4 सीएनजी सिलेंडर के व्यावसायीकरण के लिए एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस को मदद देगी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। वजन में हल्के और ज्यादा सुरक्षित टाइप-4 सीएनजी सिलेंडरों के व्यावसायीकरण के लिए केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने दिल्ली स्थित एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ एक समझौता किया है।

डीएसटी ने गुरुवार को बताया कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वच्छ ऊर्ज़ा परिवहन को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और स्वदेशी विनिर्माण को मजबूत करने के दृष्टिकोण के अनुरूप ''टाइप-4 सीएनजी सिलेंडर के व्यावसायीकरण के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना'' नामक परियोजना के तहत यह समझौता किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य अत्याधुनिक फिलामेंट वाइंडिंग, ब्लो मोल्डिंग और उच्च दबाव परीक्षण तकनीकों का उपयोग करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित टाइप-4 कंपोजिट सीएनजी सिलेंडरों के उत्पादन और व्यावसायीकरण के लिए एक उन्नत विनिर्माण सुविधा स्थापित करना है। इस पहल से स्वच्छ परिवहन और उभरते ऊर्ज़ा अनुप्रयोगों के लिए उन्नत गैस भंडारण प्रणालियों में घरेलू क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। टाइप-4 कंपोजिट सिलेंडर पारंपरिक स्टील सिलेंडरों का अगली पीढ़ी का विकल्प हैं। इनका वजन 75 प्रतिशत तक कम होता है जिससे वाहन की दक्षता बढ़ती है और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। इन सिलेंडरों को जंग-रोधी पॉलीमर लाइनर, अनुकूलित सीएफआरपी लेआउट और उन्नत मैकेनिकल लॉकिंग सिस्टम के साथ डिजाइन किया गया है ताकि बेहतर सुरक्षा और टिकाऊपन सुनिश्चित हो और रिसाव, कंपन आदि न हो। यह तकनीक एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित की गयी है और इसे देश के तेजी से बढ़ते सीएनजी परिवहन पारितंत्र में सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह परियोजना सरकार के सतत परिवहन, स्वच्छ ईंधन और उन्नत परिवहन घटकों के घरेलू विनिर्माण की दिशा में किये जा रहे व्यापक प्रयासों के अनुरूप भी है। टीडीबी के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि उन्नत टाइप-4 कंपोजिट सिलेंडरों का विकास और व्यावसायीकरण देश के स्वच्छ परिवहन अवसंरचना और स्वदेशी विनिर्माण पारितंत्र को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक नवीन जैन और निदेशक नमन जैन ने टीडीबी के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहायता स्वदेशी हल्के कंपोजिट सिलेंडर प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण में तेजी लाने में मदद करेगी।

# पेज एक का शेष

## उत्तर प्रदेश में अब...

का निर्माण किया जा रहा है, जिससे हर मौसम में आसानी से दर्शन हो सकेंगे। जो सहारनपुर कभी फतवों की संस्कृति के कारण बदनाम था, वही आज विकास, प्रगति और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहचाना जा रहा है और पूरे भारत की समृद्धि में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों सहारनपुर, बिजनौर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर और बागपत में विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता, लेकिन कुछ तत्व जाति और तुष्टीकरण की राजनीति के जरिए समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। फतवों की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले, गुंडों और माफिया को संरक्षण देने वाले लोग सनातन संस्कृति पर प्रहार के समय मौन हो जाते हैं, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, विकास और सुशासन के जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को नई पहचान और नया विश्वास दिया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले देवबंद से हर छोटी-बड़ी बात पर फतवे जारी किए जाते थे। खाना कैसे खाना है, यह भी देवबंद से तय होता था। लेकिन कुंवर बृजेश सिंह जी जैसे लोगों ने कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधा और देश की सुरक्षा में सेंध नहीं लगनी चाहिए। उनके प्रस्ताव पर हमने यहां तुरंत एटीएस (एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड) का केंद्र स्थापित कर दिया। हमारे एटीएस के कमांडो निरंतर निगरानी रखते हैं। कोई भी देशद्रोही सिर उठाएगा तो उसका काम तमाम होना तय है।

## जनगणना केवल हेड...

और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग 1 लाख 4 हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## दुनिया में अशांति...

और ऊर्ज़ा बाजारों को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। श्री भागवत ने पश्चिमी सभ्यतागत सोच की तुलना भारत के पारंपरिक विश्वदृष्टिकोण से करते हुए कहा ''अस्तित्व के लिए संघर्ष और सबसे योग्य का अस्तित्व जीवन की पश्चिमी अवधारणा है। हमारी अवधारणा अस्तित्व के लिए सहयोग और समन्वय की है।'' सरसंघचालक ने कहा, हम सीमित संसाधनों के लिए झगड़ने में विश्वास नहीं रखते। हम कहते हैं कि यदि साधन सीमित हैं, तो हम खुद पर संयम रखेंगे। हम केवल उतना ही लेंगे ताकि हर किसी को वह मिल सके। भागवत ने कहा कि भारतीय दार्शनिक परंपराएं समस्त अस्तित्व, सजीव और निर्जीव को आपस में जुड़ा हुआ और एक साझा वास्तविकता में निहित मानती हैं। श्री भागतव ने बीआर आंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान के निर्माता ने बार-बार इस बात पर जोर दिया था कि स्वतंत्रता और समानता केवल भाईचारे के माध्यम से ही कायम रह सकती हैं। उन्होंने आंबेडकर के संविधान सभा में दिए गए भाषणों का जिक्र करते हुए कहा, डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि भाईचारा जरूरी है। बंधुभाव ही धर्म है। आरएसएस सरसंघचालक ने लोगों से बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि वे संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठें और उस चीज को फिर से खोजें जिसे उन्होंने भारत की सभ्यतागत भावना-करुणा, संयम और साझा भलाई कहा।

## धर्म और परंपराओं ...

इसलिए उसे संविधान के अनुच्छेद 26 के अंतर्गत 'धर्म से संबंधित मामला' भी नहीं माना जा सकता। अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने अदालत से कहा कि कोई प्रथा भले ही धार्मिक पहलू रखती हो, लेकिन यदि उसका मौलिक अधिकारों पर गंभीर और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो उसे संविधान के अनुच्छेद 25 या अनुच्छेद 26 के तहत प्रतिबंधों से पूरी तरह छूट नहीं दी जा सकती। इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि यदि हर कोई कुछ धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों को संवैधानिक अदालत में चुनौती देने लगे तो ''इस सभ्यता का क्या होगा, जहां धर्म भारतीय समाज से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ''इस अधिकार या उस अधिकार को चुनौती देने वाली, मंदिर खोलने और मंदिर बंद करने के अधिकार को लेकर सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, ''हर धर्म विघटित हो जाएगा और हर संवैधानिक अदालत को बंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, '' यदि दो पक्षों के बीच विवादों को अनुमति दी जाती है, तो हर कोई हर चीज़ पर सवाल उठाने लगेगा। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि भारत को अन्य क्षेत्रों से अलग करने वाली बात यह है कि इतनी विविधताओं और बहुलताओं के बावजूद 'हम एक सभ्यता हैं'।

## नोएडा हवाई अड्डे पर...

होंगी। अगले चरण में 01 जुलाई से नवी मुंबई, श्रीनगर, जोधपुर, धर्मशाला, भोपाल और देहरादून के लिए दैनिक उड़ाने शुरू की जायेगी। लखनऊ, जयपुर, पंतनगर और चंडीगढ़ के लिए रोजाना दो-दो उड़ानें, बरेली के लिए सप्ताह में चार और किशनगढ़ के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें उपलब्ध होंगी। इंडिगो ने बताया है कि उसके वेबसाइट, मोबाइल ऐप और एजेंटों के माध्यम से बुकिंग शुरू हो गयी है। जल्द ही अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी नोएडा हवाई अड्डे से अपनी सेवाएं शुरू करेंगी। इस हवाई अड्डे का निर्माण ज्युरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) ने किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। यह दिल्ली के पालम स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा हवाई अड्डा है।

## मोदी की उपस्थिति ...

नीतीश कुमार के पुत्र हैं। नीतीश मिश्रा के पिता जगन्नाथ मिश्रा कांग्रेस के प्रदेश में आखिरी मुख्यमंत्री थे और संतोष सुमन के पिता जीतनराम मांझी भी बिहार के मुख्यमंत्री पद को 2014-15 में सुशोभित कर चुके हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह के गवाह के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी तथा चिराग पासवान,राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी , उप मुख्यमंत्री विजेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में नेता और गणमान्य लोग मौजूद थे। इससे पहले पटना पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री पटना हवाई अड्डे से निकल कर सडक मार्ग से गाँधी मैदान पहुंचे, जहाँ रास्ते में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री जिन राहों से गुजरे वहां तरह तरह के बने मंच और उन पर चल रहे लोक संगीत ने उनका स्वागत किया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड की तरफ से साधु संतों की एक कतार आशीर्वाद का हाथ उठाये प्रधानमंत्री का इंतेजार कर रही थी। उल्लेखनीय है कि भाजपा के दो ख्वाब बंगाल में फतह और बिहार में उनका मुख्यमंत्री एक साथ पूरे हुए हैं और यह ख्वाब एक ऐसे समय में साकार हुआ है, जब पार्टी की कमान एक बिहारी नितिन नवीन के हाथों में है।

## पाकिस्तान में कोई...

ने संयुक्त रूप से बेहद संतुलित, सटीक और प्रभावी सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया। एयर मार्शल ने कहा कि 7 मई 2025 की तड़के जब पहला लक्ष्य भेदा गया, तब वह भारत की सामूहिक शक्ति और संकल्प का सीधा संदेश था, जो दुश्मन की धरती तक पहुंचा। एयर मार्शल ने दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान भारत के किसी सैन्य या नागरिक ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने सभी हमलों को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया, 11 एयरफील्ड को तबाह किया गया और 13 विमान मार गिराए गए। इनमें एक एयर वार्निंग विमान भी शामिल था, जिसे 300 किलोमीटर से अधिक दूरी से निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के सभी प्रमाण दुनिया के सामने रखे जा चुके हैं। भारतीय सेना की कार्रवाई केवल जवाबी हमला नहीं थी, बल्कि यह राष्ट्रीय आत्मरक्षा का सशक्त उदाहरण थी।

# सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. मांडविया ने गुरूवार को इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गयी बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएंगी।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तिलोई-अमेठी।

पत्रांक 164 / लेखा क्षे0पं0/ ई-टेण्डरिंग निविदा/2026-27, दिनांक-07-5-2026

**अति अल्पकालीन ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि पूर्वांचल विकास निधि (सामान्य / एस0सी0पी0) योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत तिलोई अमेठी में निर्माण कार्य कराने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से https://etender.up.nic.in पर निम्नलिखित तिथियों में निविदाये आमंत्रित की जाती है। अन्य कार्य विवरण ई-टेण्डर बेबसाईड पर देखी जा सकती है, एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक-12.04.2026 | दिनांक-18.04.2026 | दिनांक-18.04.2026 |
| समय- 12:00 बजे से | समय- 01:00 बजे तक | समय- 03:00 बजे के बाद |

**अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0)**
**तिलोई अमेठी।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**तिलोई अमेठी।**

# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी।

पत्रांक:- 53/न0पं0 है0/2026-27 दिनांक:-06.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली 2005 में निहित व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत हैदरगढ़ की सीमान्तर्गत स्थित पार्क / खेल के मैदान ओपेन स्पेस की सूची एतद्वारा आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र.सं. | पार्क/खेल के मैदान /ओपेन स्पेस | क्षेत्रफल (वर्गमी0) |
|---|---|---|
| 01 | पं0 दीन दयाल उपाध्याय पार्क (बृम्हनान वार्ड, हैदरगढ़) | 512 वर्गमीटर |

उक्त सूची के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो प्रकाशन के दिनांक से तीन माह के अन्दर विहित प्राधिकारी को सम्बोधित करते हुए अपनी आपत्ति या सुझाव कार्यालय उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी अथवा नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़-बाराबंकी**

# सम्राट मंत्रिमंडल में ई शैलेंद्र और बुलो मंडल को मिली जगह, बढ़ा गंगा पार का राजनीतिक वजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





भागलपुर। लगभग 13 साल बाद भागलपुर जिले के दो विधायक भाजपा से बिहपुर विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र और जदयू से गोपालपुर विधायक शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को बिहार सरकार में मजबूत राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिला है।

फर्क सिर्फ इतना नहीं है कि जिले से मंत्री बनाए गए हैं, बल्कि इस बार एक साथ दो नेताओं को कैबिनेट में जगह मिली है। दोनों नेता नवगछिया इलाके और गंगा पार की राजनीति से आते हैं। यानी बिहार की सत्ता में इस बार गंगा पार का राजनीतिक वजन अचानक बढ़ गया है। इससे पहले भागलपुर जिले से आखिरी बड़ा प्रतिनिधित्व तब दिखा था जब भागलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के अश्विनी चौबे मंत्री बने थे। भागलपुर जिले की राजनीति लंबे समय तक शहर केंद्रित रही। लेकिन इस बार सत्ता का फोकस नवगछिया और गंगा पार के इलाकों की ओर शिफ्ट होता दिख रहा है। दरअसल, नवगछिया बेल्ट सामाजिक समीकरण, जातीय प्रभाव और सीमांचल से जुड़ाव की वजह से हमेशा राजनीतिक रूप से संवेदनशील मानी जाती रही है। यहां का वोट पैटर्न बिहार की बड़ी राजनीति को प्रभावित करता है। ऐसे में भाजपा और जदयू दोनों ने इस इलाके को साधने की कोशिश की है। दोनों दलों ने ऐसे चेहरों को मंत्री बनाया है, जिनकी पहचान सिर्फ विधायक भर की नहीं, बल्कि अपने-अपने इलाकों में मजबूत संगठनात्मक पकड़ वाले नेताओं की रही है। बिहपुर से तीन बार विधायक रह चुके इंजीनियर कुमार शैलेंद्र को भाजपा ने पहली बार मंत्री बनाकर साफ संकेत दिया है कि पार्टी अब भागलपुर और सीमांचल इलाके में अपने आक्रामक राजनीतिक नैरेटिव को और मजबूत करना चाहती है। कुमार शैलेंद्र की पहचान सिर्फ संगठन के नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक मुखर और विवादित बयान देने वाले नेता के रूप में भी रही है। सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता और हिंदुत्व आधारित राजनीतिक भाषा ने उन्हें भाजपा के कोर समर्थकों के बीच लोकप्रिय बनाया। वर्ष 2025 में उनका वह बयान काफी चर्चा में रहा जिसमें उन्होंने राजद को मुसलमानों की पार्टी बताते हुए हमला बोला था। इस बयान ने राजनीतिक विवाद जरूर खड़ा किया, लेकिन भाजपा के एक वर्ग के बीच उनकी पहचान और मजबूत हुई। कुमार शैलेंद्र की सबसे बड़ी ताकत उनकी क्षेत्रीय पकड़ मानी जाती है। बिहपुर सीट पर उनकी लगातार वापसी यह साबित करती है कि स्थानीय स्तर पर उनका मजबूत कैडर और व्यक्तिगत प्रभाव मौजूद है। वहीं लालू के करीबी से नीतीश के भरोसेमंद तक दूसरी तरफ जदयू ने शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को मंत्री बनाकर राजनीतिक तौर पर बेहद रणनीतिक फैसला लिया है। वे पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। बिहपुर से उनकी राजनीति शुरू हुई और 2014 में उन्होंने भागलपुर लोकसभा सीट से भाजपा के बड़े मुस्लिम चेहरे शाहनवाज हुसैन को हराकर बड़ी राजनीतिक पहचान बनाई। हालांकि 2019 में हार के बाद उनका राजनीतिक भविष्य कमजोर माना जा रहा था, लेकिन जदयू में आने के बाद उन्होंने फिर वापसी की। बड़ा राजनीतिक मोड़ तब आया जब 2025 विधानसभा चुनाव में जदयू ने चर्चित और विवादित विधायक गोपाल मंडल का टिकट काटकर बुलो मंडल को गोपालपुर से उम्मीदवार बना दिया। यह सिर्फ टिकट बदलने का फैसला नहीं था, बल्कि जदयू के भीतर शक्ति संतुलन बदलने का संकेत था। मंत्री बनाकर जदयू ने साफ किया है कि पार्टी नवगछिया बेल्ट में गोपाल मंडल युग से आगे बढ़ चुकी है और बुलो मंडल को नए राजनीतिक चेहरे के रूप में स्थापित करना चाहती है। दोनों मंत्रियों के चयन को सिर्फ संयोग मानना राजनीतिक रूप से गलत होगा। इसके पीछे कई बड़े संकेत छिपे हैं। भाजपा और जदयू दोनों जानती हैं कि आने वाले समय में सीमांचल और पूर्वी बिहार की राजनीति बेहद अहम होने वाली है। ऐसे में गंगा पार के मजबूत नेताओं को सत्ता में हिस्सेदारी देना चुनावी निवेश माना जा रहा है।

## विजय कुमार सिन्हा ने सम्राट मंत्रिमंडल में मंत्री पद की ली शपथ

पटना। सम्राट चौधरी की अगुवाई वाले बिहार सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ लेने वाले भूमिहार जाति के विजय कुमार सिन्हा लखीसराय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। विजय कुमार सिन्हा का जन्म 5 जून 1967 को बिहार के लखीसराय जिले के तिलकपुर में शारदा रमन सिंह और सुरमा देवी के घर हुआ था। राजनीतिक रूप से जागरूक माहौल में पले-बढ़े विजय कुमार सिन्हा की सार्वजनिक सेवा और जमीनी स्तर की सक्रियता में बचपन से ही गहरी रुचि थी, जिसने बाद में राज्य की राजनीति में उनके करियर को आकार दिया। विजय सिन्हा ने कम उम्र में ही सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया था, लेकिन उनके शुरुआती साल स्थानीय संगठनात्मक कामों और सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए जाने जाते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के साथ उनका जुड़ाव और मज़बूत हुआ, जिससे अंततः वे मध्य बिहार में पार्टी के एक मज़बूत प्रतिनिधि के तौर पर उभरे। विजय सिन्हा के चुनावी करियर को तब रफ़्तार मिली जब 2005 में वे लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गए। उन्होंने 2005, 2010, 2015, 2020 और 2025 में लगातार इस सीट पर जीत हासिल की है। इस तरह, वे इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली भाजपा नेताओं में से एक बन गए। उनकी लगातार जीत उनकी संगठनात्मक पहुंच और जमीनी स्तर पर उनके समर्थन को दर्शाती है।

# ईडी के छापे से घबराए कारोबारी ने नोटों से भरा बैग नौवीं मंजिल से फेंका



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली में गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी फैल गई, जब यहां की एक सोसायटी में ईडी की टीम छापा मारने पहुंची। उसी समय एक कारोबारी ने नौवीं मंजिल से नोटों से भरा बैग फेंक दिया। नीचे खड़ा एक व्यक्ति नोटों से भरा बैग लेकर भागने लगा, तो पुलिस व ईडी की टीम ने उसे दबोच लिया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने सनटेक सिटी प्रोजेक्ट में कथित धोखाधड़ी के सिलसिले में मोहाली और चंडीगढ़ में 12 जगहों पर दबिश दी है। मोहाली के खरड़ में वेस्टर्न टावर्स सोसाइटी में आज सुबह ईडी की टीम ने आईटी सेक्टर में काम करने वाले एक व्यक्ति के घर पर दबिश दी। ईडी के पहुंचने की जानकारी मिलने पर एक कारोबारी ने नौवीं मंजिल स्थित फ्लैट से नोटों से भरा बैग नीचे फेंका दिया, जो नीचे गिरते ही फट गया और उससे नोट निकलकर बाहर फैल गए। नीचे पहले से ही उसका ड्राइवर खड़ा था, जो तुरंत एक सफ़ेद रंग की कार में सवार होकर बैग लेकर भागने लगा। हालांकि, मौके पर मौजूद टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। बैग से लगभग 21 लाख रुपये कैश बरामद किए गए। टीम को बैग से 500-500 के नोटों की गड्डियां मिली हैं। हालांकि, अभी तक अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं, लेकिन जिस टावर पर रेड चल रही है, वहां अब पुलिस ने लोगों की एंट्री रोक दी है। केंद्रीय एजेंसी के जवान मौके पर तैनात हैं। सीढ़ियों से लेकर टॉप तक फोर्स तैनात की गई है। इस घटना को देखकर सोसाइटी में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इससे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही खरड़ के डीएसपी ईशांत सिंगला ने स्थानीय पुलिस को मौके पर भेजा। खरड़ सिटी थाने के एसएचओ अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह कार्रवाई सोसाइटी के फ्लैट नंबर 906 में रेड हुई है। यहां रहने वाले व्यक्ति की पहचान नितिन कुमार गोहिल के रूप में हुई है, जो आईटी सेक्टर में कार्यरत बताया जा रहा है। नितिन कुमार करीब 4 महीने पहले ही यहां रहने आया था।

# डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के मंत्री बनने से सीमांचल में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। बिहार की सम्राट चौधरी सरकार में गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। राजधानी पटना में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद अब डॉ. जायसवाल सरकार के महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके मंत्री बनने के बाद सीमांचल क्षेत्र सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। किशनगंज, पूर्णिया और अररिया समेत कई इलाकों में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल भाजपा संगठन के उन नेताओं में गिने जाते हैं जिन्होंने लंबे समय तक पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। वे पूर्व में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी निभा रहे थे। संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर सक्रिय भूमिका के कारण उन्हें भाजपा का भरोसेमंद चेहरा माना जाता है। राजनीतिक गलियारों में उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी नेताओं में भी गिना जाता है। डॉ. जायसवाल का राजनीतिक सफर लंबा और सक्रिय रहा है। वह वर्ष 2009 से लगातार तीन बार पूर्णिया, अररिया और किशनगंज स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुने जाते रहे हैं। सीमांचल क्षेत्र में उनकी मजबूत राजनीतिक पकड़ को देखते हुए भाजपा नेतृत्व लगातार उन पर भरोसा जताता रहा है। इससे पहले वे बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा देकर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाला था। 2 मई 1963 को जन्मे डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल मूल रूप से खगड़िया जिले के निवासी हैं। सीमांचल क्षेत्र, खासकर किशनगंज, पूर्णिया और अररिया में उन्हें भाजपा का प्रमुख चेहरा माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार सीमांचल जैसे संवेदनशील और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में भाजपा की पकड़ मजबूत करने में उनकी भूमिका अहम रही है। उनकी पहचान ऐसे नेता के रूप में रही है जो संगठन के साथ-साथ सामाजिक समीकरणों पर भी मजबूत पकड़ रखते हैं। डॉ. जायसवाल उच्च शिक्षित नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने एमएससी, एमबीए और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। राजनीति के अलावा उनका शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से भी गहरा जुड़ाव रहा है। वे किशनगंज स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर के रूप में भी जाने जाते हैं। इसी कारण सीमांचल क्षेत्र में उनकी पहचान केवल राजनेता के रूप में ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में भी है। डॉ. जायसवाल वैश्य समाज की कलवार जाति से आते हैं और इस समाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। भाजपा ने हमेशा उन्हें सामाजिक संतुलन और संगठनात्मक मजबूती के लिहाज से महत्वपूर्ण नेता के रूप में देखा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके मंत्री बनने से सीमांचल के साथ-साथ वैश्य समाज में भी भाजपा को राजनीतिक मजबूती मिल सकती है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि मंत्री के रूप में डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल अपनी नई जिम्मेदारियों को किस तरह निभाते हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संगठन और सरकार दोनों में लंबे अनुभव के कारण वे सरकार में अहम भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही सीमांचल क्षेत्र के विकास और राजनीतिक संतुलन में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## भाजपा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को भेजा मानहानि का नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब में हुए बम धमाकों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के भाजपा के संबंध में बयान दिए जाने के बाद राजनीति गरमा गई है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तरूण चुघ ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को मानहानि का नोटिस जारी किया है। पंजाब के जालंधर व अमृतसर में पांच अप्रैल की रात दो बम धमाके हुए थे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 6 अप्रैल को कहा था कि यह धमाके भाजपा ने कराए हैं। इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने यह नोटिस भेजा। उन्होंने सारे प्लेटफॉर्म से बयान हटा 7 दिन में माफी मांगने को कहा है। तरुण चुघ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का कल का बयान बेहद अनुचित, बेतुका और आपराधिक मानसिकता से भरा था। अपराधियों को पकडऩे के बजाय पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच गुरुवार को शुक्राना यात्रा लेकर जालंधर पहुंचे भगवंत मान ने फिर से कहा कि जालंधर व अमृतसर में जो छोटे-मोटे ब्लास्ट हुए हैं, वो बीजेपी की एंट्री के संकेत हैं।

# नैनीताल में निजी स्कूलों पर प्रशासन सख्त, 49 और विद्यालयों को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। नैनीताल जिले में निजी विद्यालयों की मनमानी पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने विभिन्न शिकायतों और जांच रिपोर्टों के आधार पर 49 और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही अब तक नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों की संख्या बढ़कर 99 हो गई है। नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों में हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भीमताल, बेतालघाट और नैनीताल क्षेत्र के कई निजी स्कूल शामिल हैं। इनमें होली ऐंजल पब्लिक स्कूल, वीवीएम पब्लिक स्कूल, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, लिटिल जीनियस पब्लिक स्कूल, सृजन स्कूल गौलापार, मीना एकेडमी लालकुआं, होली ट्रिनिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएसबी पब्लिक स्कूल रामनगर, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालकुआं तथा सनवाल पब्लिक स्कूल नैनीताल प्रमुख हैं। जांच में सामने आया कि कई निजी विद्यालय निर्धारित एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अतिरिक्त महंगी निजी प्रकाशनों की पुस्तकें अनिवार्य कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा कुछ विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर विशेष दुकानों से पुस्तकें और शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए अप्रत्यक्ष दबाव बनाए जाने की शिकायतें भी मिली हैं। कई विद्यालयों की वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाएं भी उपलब्ध नहीं पाई गईं। प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई 'बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009', 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019' तथा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। शासन का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, सुलभ और आर्थिक रूप से न्यायसंगत बनाना है।

# हरिद्वार जिला जेल में बनी हाई सिक्योरिटी बैरक, 50 हार्डकोर कैदियों को रखा जाएगा अलग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। रोशनाबाद जिला जेल में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए नई हाई सिक्योरिटी बैरक तैयार कर ली गई है। इस विशेष बैरक में हार्डकोर अपराधियों और कुख्यात गैंगस्टरों को रखा जाएगा, ताकि जेल के भीतर आपराधिक गतिविधियों और नेटवर्किंग पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। नई बैरक की क्षमता लगभग 50 बंदियों की बताई जा रही है।

जेल प्रशासन के अनुसार बैरक को इस तरह डिजाइन किया गया है कि गंभीर अपराधों में बंद कैदियों को सामान्य बंदियों से पूरी तरह अलग रखा जा सके। बाहरी तौर पर सामान्य दिखने वाली इस बैरक में आधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे। सुरक्षा निगरानी के लिए हर हिस्से में सीसीटीवी कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए जाने की तैयारी है। उपकरण स्थापित होते ही बैरक को औपचारिक रूप से संचालन में लाया जाएगा। गौरतलब है कि हरिद्वार जिला जेल पहले भी कई चर्चित अपराधियों को लेकर सुर्खियों में रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर सुनील राठी समेत कई हार्डकोर अपराधी यहां बंद रह चुके हैं। हालांकि बाद में सुनील राठी को दूसरी जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। जेल प्रशासन के मुताबिक 888 कैदियों की क्षमता वाली हरिद्वार जिला जेल में वर्तमान में करीब 950 बंदी निरुद्ध हैं। ऐसे में नई हाई सिक्योरिटी बैरक बनने से सुरक्षा और जेल प्रबंधन दोनों में राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हरिद्वार जिले की दूसरी जेल रुड़की जेल भी पूर्व में कई चर्चित घटनाओं के कारण चर्चा में रही है। यहां जेल अधीक्षक की हत्या और गैंगस्टर चीनू पंडित पर जेल गेट के बाहर हुई फायरिंग जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। बताया जाता है कि उस समय चीनू पंडित और सुनील राठी के बीच दुश्मनी को लेकर भी चर्चाएं हुई थीं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज कुमार आर्या ने बताया कि जेल में कई तरह के हार्डकोर अपराधियों को रखने के लिए विशेष बैरकों की आवश्यकता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए 50 बंदियों की क्षमता वाली हाई सिक्योरिटी बैरक तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस बैरक के सुरक्षा मानक सामान्य जेल बैरकों से अलग होंगे और यहां हर गतिविधि पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के लिए प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। अनुमति मिलते ही इंस्टॉलेशन का कार्य शुरू कराया जाएगा और उसके बाद हार्डकोर अपराधियों को नई हाई सिक्योरिटी बैरक में शिफ्ट किया जाएगा।

# टिहरी झील क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने प्रधानमंत्री के 'वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' विजन के तहत टिहरी झील क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करेगी। इस दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी झील रिंग रोड और आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने के लिए एक समग्र एवं दीर्घकालिक मास्टर प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना चरणबद्ध तरीके से लागू हो सकती है, लेकिन इसका स्वरूप शुरुआत से ही व्यापक और एकीकृत होना चाहिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि टिहरी स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (टाडा) को डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीएमओ) के रूप में कार्य करना होगा, ताकि सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया जा सके। बैठक में टिहरी झील रिंग रोड, आइकोनिक ब्रिज, हरित पैदल मार्ग, ईको पार्क, प्राकृतिक व्यू प्वाइंट, वेलनेस सेंटर और एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों को परियोजना में शामिल करने पर जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और ग्रीन एरिया को संरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने टिहरी तक एंड-टू-एंड कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने, सड़कों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण और नए मार्गों की संभावनाएं तलाशने को भी प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने साइट-विशिष्ट निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना में वॉटरड्रोम, वॉटरपोर्ट और सी-प्लेन संचालन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आइकोनिक पुलों की डिजाइन तैयार करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा डोबरा-चांटी पुल के पास स्थित हेलीपैड को हेलीपोर्ट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी विभाग और संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि टिहरी क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, धीराज गर्ब्याल, अपर सचिव विनीत कुमार, अभिषेक रोहिला सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 31.61 लाख रुपये मूल्य के नकली 'अल्कलाइन वाटर' जब्त

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय ने एक उपभोक्ता शिकायत के आधार पर 'अल्कलाइन वाटर' निर्माता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एफएसएसएआई ने लगभग 31.61 लाख रुपये मूल्य का स्टॉक जब्त कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई शुरू की। प्रयोगशाला जांच में उत्पाद में फुल्विक एसिड की मौजूदगी की पुष्टि हुई, जो वर्तमान एफएसएसएआई नियमों के अनुरूप नहीं है। जांच में यह भी पाया गया कि यह तत्व काले खनिज पदार्थ मिलाने से उत्पन्न हुआ था और पानी में स्वाभाविक रूप से मौजूद नहीं था, जो सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। एफएसएसएआई ने बताया कि यह शिकायत फूड सेफ्टी कनेक्ट पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई थी, जिसमें खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) द्वारा शिकायतों का समाधान न करने की बात सामने आई थी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063